शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paà¿er : www.goodluckà¿ublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 207 | गुवाहाटी | रविवार, 25 फरवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

प्रधानमंत्री ने पीएम अन्न भंडारण केंद्र का किया लोकार्पण पेज 2
आयुर्वेदिक कॉलेज में पंचकर्म उत्कृष्टता केंद्र और राज्य फार्मेसी के ... पेज 3
कांग्रेस को समाप्त करने में लगे हुए हैं राहुल गांधी : मनोहर लाल पेज 5
सुहास यतिराज मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन लुकास मजूर को हराकर फाइनल में पेज 7

# राज्य सरकार ने निरस्त किया मुस्लिम विवाह और तलाक कानून

## अब स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत होगा निकाह

**गुवाहाटी /नई दिल्ली (एजे/हि.स.)।** असम की हिमंत सरकार ने समान नागरिक कानून (यूसीसी) की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। दरअसल, उनकी अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मुस्लिम विवाह और तलाक अधिनियम 1935 को रद्द करने का फैसला किया गया है। सरल शब्दों में कहें तो, अब असम में सभी शादियां और तलाक स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत ही होंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि 23 फरवरी को असम कैबिनेट ने एक अहम फैसला लेते हुए वर्षों पुराने असम मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून को वापस ले लिया गया है। इस कानून में ऐसे प्रावधान थे कि अगर दूल्हा और दुल्हन शादी की कानूनी उम्र यानी लड़कियों के लिए 18 साल और लड़कों के लिए 21 साल के नहीं हुए हैं, तो भी शादी को पंजीकृत कर दिया जाता था। यह असम में बाल विवाह रोकने की दिशा में अहम कदम है। मालूम हो कि बीते दिनों सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने यह स्पष्ट करते हुए कहा था कि साल 2026 तक वे असम में बाल विवाह के खिलाफ कानून लाने पर विचार कर रहे हैं। नए कानून में बाल विवाह करने की सजा दो साल से बढ़ाकर 10 साल करने का कानून बनाया जाएगा। वहीं कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए मंत्री जयंत मल्लबरुआ ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अब मुस्लिम विवाह और तलाक से जुड़े सभी मामले स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत ही सुलझाए जाएंगे। इस एक्ट के तहत अब कोई भी मुस्लिम विवाह रजिस्टर नहीं होगा। मंत्री जयंत मल्लबरुआ ने बताया



कि मुस्लिम मैरिज एक्ट के तहत काम कर रहे 94 मुस्लिम रजिस्ट्रार भी हटा दिए गए हैं। मुस्लिम विवाह और तलाक के मुद्दे रजिस्टर करने का अधिकार जिला आयुक्त और रजिस्ट्रार को होगा। मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम 1935 एक्ट के तहत, शादी का रजिस्ट्रेशन किया जाता था, लेकिन उस दौरान इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता था कि लड़के और लड़की की उम्र क्या है। असम सरकार का मानना है कि इसके तहत बाल विवाह किया जाता था और लड़कियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस एक्ट के तहत शादी करने के लिए लड़का और लड़की का एक ही धर्म का होना अनिवार्य होता था। यदि कोई अपने धर्म से अलग शादी करना चाहता था, तो इसके लिए उन्हें अपने पार्टनर का धर्म परिवर्तन करना होता था।

**स्पेशल एक्ट के बाद बदले नियम :** अब मुस्लिम निकाह या तलाक का अलग से रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। अब तक स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत मुस्लिम निकाह नहीं होता था, लेकिन अब यह वैध होगा। मुस्लिम एक्ट के तहत शादी की उम्र मायने नहीं रखती थी, लेकिन स्पेशल मैरिज एक्ट के बाद से लड़के की उम्र 21 और लड़की की उम्र 18 होना आवश्यक हो जाएगी। जो 94 मुस्लिम रजिस्ट्रार मुस्लिम निकाह के मामलों में रजिस्ट्रेशन के लिए इस एक्ट के तहत काम कर रहे थे, उन सभी को एक मुश्त 2 लाख रुपए का मुआवजा देने के बाद हटा दिया गया है। अब जिला आयुक्त और जिला रजिस्ट्रार को मुस्लिमों की शादी के रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी भी दी गई है।

**क्या है स्पेशल मैरिज एक्ट ? :** स्पपेशल मैरिज एक्ट धार्मिक -शेष पृष्ठ दो पर

## सरकार में यूसीसी लागू करने की हिम्मत नहीं है : रफीकुल इस्लाम

**गुवाहाटी।** असम सरकार के मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून खत्म करने के फैसले पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। एआईयूडीएफ के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल सरकार के इस फैसले की आलोचना कर चुके हैं। अब विधायक रफीकुल इस्लाम ने सरकार को लगभग चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार में समान नागरिक संहिता लागू करने की हिम्मत ही नहीं है, सरकार ऐसा नहीं कर सकती। असम सरकार ने शुक्रवार रात हुई कैबिनेट की बैठक में मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून खत्म करने का फैसला किया। सरकार का कहना है कि इससे बाल विवाह को रोकने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार के मंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

## इंफाल की डीएम यूनिवर्सिटी में आईईडी विस्फोट, एक की मौत

**इंफाल।** इंफाल में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय के पास -शेष पृष्ठ दो पर

## कुकी पुलिसकर्मियों का मैतेई बहुल इलाकों में ट्रांसफर करने पर विरोध

**इंफाल।** मणिपुर में आदिवासियों की शीर्ष संस्था इंडीजिनयस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने शुक्रवार को 100 से अधिक कुकी-जो आदिवासी पुलिसकर्मियों का मैतेई बहुल इलाकों में स्थानांतरण करने पर कड़ा विरोध जताया। संस्था ने आदेश को पुलिसकर्मियों के लिए मौत का फरमान बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की। गत तीन मई को गैर आदिवासी समुदाय मैतेई और आदिवासी कुकी-जो के बीच जातीय संघर्ष शुरू हुआ था। हिंसा में अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वरिष्ठ -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## हिमंत विश्व शर्मा ने राहुल गांधी की तुलना किम जोंग से की

**गुवाहाटी /नई दिल्ली।** मुंबई युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी के दावे पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से की। सीएम शर्मा ने कहा कि मुझे लगता है कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से ऐसी बेकार की मांगें सिर्फ एक ही आदमी कर सकता है कि उन्हें अच्छा फोटोजैनिक लगना चाहिए। वह है उत्तर कोरिया पर शासन करने वाला। गौरतलब है कि गुरुवार को कांग्रेस नेता जीशान सिद्दीकी ने दावा किया था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं नांदेड़ में राहुल गांधी से मिलना चाहता था, लेकिन राहुल गांधी के करीबी एक व्यक्ति ने कहा पहले 10 किलो वजन करो फिर राहुल गांधी से मिलवाऊंगा। उन्होंने कहा कि मैं आपका विधायक हूं, मुंबई युवा कांग्रेस का प्रमुख हूं और आप मेरी बाडी शेमिंग कर रहे हैं? इस दौरान उन्होंने संकेत दे दिए हैं कि वह कांग्रेस छोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## उप्र के कासगंज हादसे में 22 की मौत, दो लापता

### पीएम ने किया मुआवजे का एलान

**कासगंज (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में शनिवार सुबह हुए ट्रैक्टर-ट्राली हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। दो बच्चे अभी लापता हैं। इस हादसे में 16 लोग बचा लिए गए हैं, जिनमें कुछ लोग उपचाराधीन हैं। वाहन में 40 लोग सवार थे। जिला प्रशासन के मुताबिक पटियाली क्षेत्र के दरियागंज में सुबह 40 श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्राली के तालाब में गिर जाने से यह हादसा हुआ। इस हादसे में जान गंवाने वाले 22 श्रद्धालुओं की शिनाख्त हो चुकी है, जबकि दो बच्चे अभी लापता हैं। उनकी तलाशी के लिए राहत एवं बचाव अभियान जारी है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के ग्राम कसा और खिरिया से ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए कादरगंज घाट जा रहे थे। दरियागंज के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में जा गिरा। उसमें सवार 40 श्रद्धालु तालाब में गिर गए, जिसमें से 22 की मृत्यु हो गई। दो बच्चे अभी भी लापता हैं, जिनके लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, एडीजीपी अनुपम कुलश्रेष्ठ और मंडलायुक्त रवींद्र समेत कई प्रमुख अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कासगंज

जिले में शनिवार को हुए हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए के मुआवजे की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने इससे पहले सोशल मीडिया पर हादसे पर दुख जताते हुए कहा था कि कासगंज में ट्रैक्टर-ट्रॉली के तालाब में -शेष पृष्ठ दो पर

**सुप्रभात**

*दुष्ट की मित्रता से शत्रु की मित्रता अच्छी होती है।*

- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### राज्य के चार जिलों में मणिपुरी को मिला सहयोगी आधिकारिक भाषा का दर्जा

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने राज्य के चार जिलों में मणिपुरी को राज्य की सहायक आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य मंत्रिमंडल ने असम राजभाषा (संशोधन) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में कछार, करीमगंज, हैलाकांदी और होजाई जिलों -शेष पृष्ठ दो पर

#### बड़ा हादसा : सीएम के काफिले की गाड़ी पल्टी, दर्जनों घायल

**लखनऊ।** लखनऊ के अर्जुनगंज इलाके में सीएम योगी की फ्लीट की एक बोलेरो अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित होकर वह कई वाहनों से टकरा गई। इस हादसे में कई पुलिसकर्मी और कई आम आदमी घायल हो गए हैं। घायलों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। मौके पर पुलिस कमिश्नर-डीएम सहित वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए हैं। प्रमुख सचिव ग्रह संजय प्रसाद और पुलिस कमिश्नर, डीजीपी प्रशांत कुमार भी -शेष पृष्ठ दो पर

## एक जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली।** औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह भारतीय न्याय प्रणाली के नए युग का एक जुलाई से आगाज हो जाएगा। सरकार ने शनिवार को बताया कि तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू होंगे और यह औपनिवेशिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जगह लेंगे। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय न्याय संहिता 2023, एक जुलाई, 2024 से लागू होंगे। गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों के लागू होने की तारीखों को लेकर तीन अधिसूचनाएं जारी की हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में इन कानूनों को पारित किया गया था और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति -शेष पृष्ठ दो पर

## नारेबाजों के बीच पंजाब विस में मरियम नवाज और नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने शुक्रवार को पंजाब विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ ही अपनी विधायी पारी की शुरुआत की। अभी उनके द्वारा इस प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिया जाना बाकी है। पंजाब विधानसभा के 337 निर्वाचित विधायकों में से एक मरियम (50) ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण की और इस दौरान शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों ने एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। पीटीआई ने *सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल* (एसआईसी) के साथ हाथ मिला लिया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष सिब्तैन खान ने मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवार मरियम नवाज सहित 200 पीएमएल-एन विधायकों को -शेष पृष्ठ दो पर

## टिपरा मोथा प्रमुख ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

**अगरतला।** टिपरा मोथा पार्टी के सुप्रीमो प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने तिपरासा लोगों की समस्या के संवैधानिक समाधान की मांग की। इसके लिए उन्होंने आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी। देबबर्मा ने शनिवार को एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वीडियो संदेश में देबबर्मा ने कहा कि मैं सुबह जब बिस्तर से उठता हूं तो मुझे पता नहीं होता कि मैं सो पाऊंगा या नहीं। मुझे हृदय रोग सहित कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। मैं अपने तिपरासा लोगों को दिल से कुछ देने के लिए लड़ रहा हूं। इन्होंने मेरी निजी जिंदगी के साथ-साथ परिवार पर भी गंभीर -शेष पृष्ठ दो पर

## लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने में सहायक है सहकारी क्षेत्र : पीएम

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता को भारत की प्राचीन अवधारणा बताते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने सहकारी समितियों से खाद्य तेल जैसी कृषि वस्तुओं पर भारत की आयात निर्भरता कम करने और श्रीअन्न (मोटे अनाज) ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में सहकारिता से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने 11 राज्यों में अनाज वितरण

के लिए 11 पैक्स भंडारण सुविधाओं की शुरुआत की और 500 पैक्स भंडारण केंद्रों के निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की शुरुआत की गई है। इसके परिणामस्वरूप देश के हर कोने में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। इसके अलावा आज 18000 पैक्स के कंप्यूटराइजेशन का काम भी पूरा हुआ है। इससे देश के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव आएगा और कृषि क्षेत्र से आधुनिक तकनीक जुड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारिता -शेष पृष्ठ दो पर

## चुनाव में पैसों का दुरुपयोग नहीं करेंगे बर्दाश्त : चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की जायजा लेने के क्रम में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार शनिवार को तमिलनाडु पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चेन्नई में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को भी अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादे करने का अधिकार है। वहीं, मतदाताओं को भी पार्टियों द्वारा आश्वासनों की पूर्ति के बारे में जानने का पूरा अधिकार है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस दौरान प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क रहने और नकदी एवं मुफ्त वितरण रोकने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में अधिकांश राजनीतिक दलों ने एक ही चरण में चुनाव कराने की मांग की है। चुनाव आयोग बहुत गंभीर है और सभी जिला कलेक्टरों एवं सभी प्रवर्तन एजेंसियों को इस बारे में बताया गया है कि हम भ्रष्टाचार मुक्त चुनाव चाहते हैं। हम स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव चाहते हैं। प्रलोभन मुक्त से हमारा मतलब है कि चुनाव में धन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।- राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बूथों के प्रबंधन पर बोलते हुए कहा कि हमारे पास कुछ बूथों का प्रबंधन -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements à¿lease contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# प्रधानमंत्री ने पीएम अन्न भंडारण केंद्र का किया लोकार्पण

**मीरजापुर( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिले के मड़िहान तहसील अंतर्गत कोटवा पांडेय में बने पीएम अन्न भंडारण केंद्र का शनिवार को वर्चुअल लोकार्पण किया। एक करोड़ 66 लाख की लागत से बने इस केंद्र पर 1500 टन अनाज का भंडारण हो सकेगा। अनाज भंडारण के किराए से होने वाली आय से सहकारी समिति समृद्ध बनेगी। प्रधानमंत्री ने समितियों के कंप्यूटरीकृत योजना का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर कोटवा पांडेय पर किसानों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने सहकार से समृद्धि की ओर कदम बढ़ाते हुए पैक्स में जन औषधि केंद्र, जन सेवा केंद्र, पशुपालन, मछली पालन, जैविक खाद आदि कार्य सहकारिता के माध्यम से कराने पर जोर दिया। समितियों को ड्रोन व कृषि उपकरण के उपयोग के लिए प्रेरित किया। संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक आदित्य कुमार दुबे ने बताया कि नवनिर्मित भंडारगृह भारतीय खाद्य निगम को किराए पर दिया जाएगा। इससे मिलने वाली किराए से समिति की आय में बढ़ोतरी होगी। सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक बिपिन कुमार सिंह ने बताया कि जनपद की 86 सहकारी समितियों में 60 समितियों पर कंप्यूटरीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया। पहले चरण में 37 तथा दूसरे चरण में 23 समितियों को कंप्यूटरीकृत किया गया है। वहीं, शेष 26 समितियों को भी जल्द ही कंप्यूटरीकृत कर दिया जाएगा।

*लोकसभा चुनाव 2024*

# कांग्रेस और आप ने किया गठबंधन का एलान, दिल्ली में कांग्रेस तीन सीटों पर लड़ेगी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** काफी जद्दोजहद के बाद आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस पार्टी के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय हो गया। दोनों पार्टियों ने पांच राज्यों दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में लोक सभा चुनाव लड़ने को फैसला किया है। चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। गोवा में कांग्रेस दोनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस और आप के बीच आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने की। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने सीट शेयरिंग को लेकर औपचारिक घोषणा करते कहा कि दिल्ली (7 सीटों) में कांग्रेस 3 और आप 4 पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि गुजरात (26 सीटों) में कांग्रेस 24 और आप 2 (भरूच और भावनगर में) पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा (10 सीट) में कांग्रेस 9 और आप 1 (कुरुक्षेत्र) पर चुनाव लड़ेगी। मुकुल वासनिक ने कहा कि आप और कांग्रेस उन सभी जगहों पर एक साथ प्रचार करेंगे जहां दोनों पार्टियों के उम्मीदवार और भारतीय गठबंधन के अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगें। लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच सीट बंटवारे पर दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस उत्तर पूर्व, चांदनी चौक और उत्तर पश्चिम सीट पर चुनाव लड़ेगी। नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली में आप चुनाव लड़ेगी। उधर, आप के सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस और आप स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगी। असम में बातचीत का रास्ता अभी भी खुला है।

## ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी कमांडर इस्माइल शाह को मार गिराया

**तेहरान ( हि.स. )।** ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को मार गिराया है। ईरान की इस कार्रवाई से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है। ईरान इंटरनेशनल इंग्लिश (समाचार पोर्टल) ने अपनी रिपोर्ट यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से ईरान इंटरनेशनल इंग्लिश ने अपने एक्स हैंडल में ईरान के सैन्य बलों की पाकिस्तान के खिलाफ की गई इस कार्रवाई का संक्षिप्त ब्यौरा साझा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सैन्य बलों ने पाकिस्तान क्षेत्र में जैश अल-अदल (न्याय की सेना) के आतंकवादी ग्रुप कमांडर इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को ढेर कर दिया।

## हमने एक महीने में लागू की ईआरसीपी योजना : भजनलाल

**भरतपुर/अलवर ( हिंस )।** कांग्रेस की सरकार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे को लटकाती रही। हमने सरकार बनने के एक महीने के अंदर इसे अमली जामा पहना दिया। इस योजना से प्रदेश के तेरह जिलों को सिंचाई व पीने के लिए पानी मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के पहले इसकी गारंटी दी थी। यह बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगर व डीग में आयोजित सभा में शनिवार को व्यक्त किए। ईआरसीपी की सौगात देने के बाद पहली बार संभाग के दौरे पर निकले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का डीग व नगर कस्बों में जोरदार स्वागत किया गया। शर्मा शनिवार को सबसे पहले अलवर के बड़ौदामेव व इसके बाद नगर, डीग में ईआरसीपी की आभार सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री रविवार को धौलपुर के बाड़ी, करौली, सवाईमाधोपुर के भाड़ौती मोड़ व टोंक के निवाई में आभार सभा को संबोधित करेंगे। दरअसल, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सबसे पहले संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल (एकीकृत) ईआरसीपी योजना के त्रिपक्षीय एमओयू को अमली जामा पहनाया गया। इस योजना को लेकर पूर्व की कांग्रेस सकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व केंद्रीय जल संसाधन मंत्री जगेंद्र सिंह एक दूसरे पर काफी हमलावर रहे थे। दोनों की रस्साकशी के चलते कांग्रेस के पूरे पांच साल के शासन में यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई थी। इधर, भाजपा के सत्ता में आते ही इसे संशोधित रूप देते हुए लागू कर दिया गया। इससे आमजन में खुशी की लहर है। इस योजना से लाभान्वित होने वाले 13 जिलों के 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। साथ ही, पेयजल व औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी मिल सकेगा।

## दो ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिला के जोगीघोपा में एंटी ड्रग्स पुलिस की छापामारी में दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बीती देर रात को गिरफ्तार किए गए ड्रग तस्करों में जोगीघोपा के बरघोला गांव निवासी सैदुल इस्लाम और ग्वालपाड़ा जिले के दोस्ती शहर निवासी मोमिनुर रहमान शामिल हैं। जोगीघोपा पुलिस स्टेशन के प्रभारी दीनाथ मिली के नेतृत्व में सीआरपीएफ के सहयोग से छापामारी अभियान चलाया गया। दोनों को चलंतापाड़ा गोराईमारी में नवनिर्मित फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने ड्रग्स तस्करों के पास से 24 ग्राम हेरोइन और एक वाहन (एएस-18ए-7255) को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार सैदुल इस्लाम इससे पहले भी मादक पदार्थ के मामले में जेल जा चुका है।

## बांग्लादेश में खतना के दौरान एक और बच्चे की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में खतना करते समय एक और बच्चे की मौत का समाचार है। देश में दशकों से नाई इस काम को बिना एनेस्थीसिया के अंजाम दे रहे थे लेकिन हाल के दिनों में डॉक्टरों द्वारा सर्जिकल खतना का चलन बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार रात राजधानी ढाका में अहनाफ तहमीन अयहम (10) नामक बच्चे को खतना के लिए अस्पताल लाया गया खतना से पहले उसे एनेस्थीसिया का इंजेक्शन दिया जा रहा था कि इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। बच्चे का परिवार आरोप है कि उन्होंने एनेस्थीसिया की अनुमति नहीं दी थी। मृतक बच्चे अहनाफ के पिता फखरुल आलम ने बताया कि वे अहनाफ को खतना के लिए मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे ढाका के माली बाग चौधरी पारा स्थित जेएस डायग्नोस्टिक एंड मेडिकल चेक अप सेंटर में ले गए। कुछ देर में ही उसका खतना पूरा हो गया, लेकिन एक घंटे बाद भी जब उसे होश नहीं आया तो चिंता बढ़नी शुरू हुई। आलम के मुताबिक बच्चे को होश नहीं आने पर कई बार अस्पताल स्टाफ से पूछा गया लेकिन वे यहीं कहते रहे कि जल्द ही होश आ जाएगा। मृतक बच्चे के पिता का आरोप है कि उनकी बिना अनुमति के एनेस्थीसिया लगाया गया है। पिता ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के खिलाफ हातिरझील थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बच्चे की मौत के बाद, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन ने कहा कि भविष्य में चिकित्सा पेशेवरों में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। हमने कुछ दिन पहले इसी तरह की एक घटना देखी थी। यह जानकर निराशा हुई कि हमारे प्रयासों के बावजूद, कुछ लोग उचित सावधानी बरतने में विफल रहे। ऐसी लापरवाही या जिम्मेदारी के प्रति उपेक्षा किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले पर डॉ. शाह आलम का कहना है कि बिना उचित जांच के गलत तरह से एनेस्थीसिया देने पर बच्चों के जान जाने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि एक बच्चे के सुचारू और सुरक्षित खतना के लिए एनेस्थीसिया की आवश्यकता होती है, लेकिन इस दौरान ध्यान देने वाली बात यह है कि बच्चे की स्थिति के मुताबिक किस प्रकार की एनेस्थीसिया दी जाए। गौरतलब है कि बांग्लादेश में खतना दौरान बच्चों की मौत की यह पहली घटना नहीं है। करीब डेढ़ महीने पहले भी एक बच्चे की मौत हो गई थी। इस घटना में भी अयान अहमद नाम के बच्चे को खतना से पहले एनेस्थीसिया का इंजेक्शन दिया गया था जिसके बाद परिवार वालों ने इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी।

# पृष्ठ एक का शेष

## राज्य सरकार ने ...

कानूनों के बिना ही दो अलग-अलग धर्म के लोगों को बिना धर्म बदले शादी करने का मौका देता है। स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 को एसएमए भी कहते हैं, ये सिविल मैरिज का कानून है, जो धर्म की जगह राज्य को विवाह कराने का अधिकार देता है। स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत, विवाह, तलाक, बच्चे को गोद लेने जैसे काम धार्मिक नियमों के तहत निर्धारित होते हैं। हिंदू मैरिज एक्ट 1955 इसी कानून के तहत आता है। अब तक हिंदू मैरिज एक्ट और मुस्लिम मैरिज एक्ट के तहत वर तथा वधू पक्षों का धर्म एक ही होना अनिवार्य होता है, लेकिन स्पेशल मैरिज एक्ट में यह अनिवार्य नहीं रहा था। स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत विवाह करने के लिए लड़का या लड़की का एक ही धर्म होना अनिवार्य नहीं है। इस कानून के जरिए भारत के हर नागरिक को ये संवैधानिक अधिकार दिया गया है कि वो जिस धर्म या जाति में चाहे, वहां शादी कर सकता है। इसके लिए लड़की की उम्र 18 या उससे अधिक और लड़के की उम्र 21 या उससे अधिक होनी चाहिए। स्पेशल मैरिज एक्ट नियम के तहत किसी भी पक्ष का पहले से ही कोई जीवनसाथी नहीं होना चाहिए। अगर शादी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत हुई है, तो तलाक भी जिला कोर्ट से मिल सकता है। दोनों पार्टी अपना शादी का बॉन्ड तोड़ सकती हैं। उधर कैबिनेट की बैठक में लिए गए अन्य निर्णयों में मणिपुरी भाषा को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा असम में एक सहयोगी भाषा के रूप में मान्यता दी गई है। यह भाषा कछार, हैलाकांदी, होजाई और करीमगंज में लागू होगी। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना का विस्तार अब से सभी शहरी और नगरी क्षेत्रों में करने का निर्णय लिया है। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के प्रत्येक बेरोजगार को दो रुपए और पांच लाख रुपए वितरित करने के लिए कैबिनेट एक कमेटी गठित किया है। गुवाहाटी के बाद राजमार्गों पर यातायात की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, नगांव और सिलचर में एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री के संपूर्ण विकास मिशन को प्रदेश की आत्मनिर्भर योजनाओं के लिए वित्त विभाग की ओर से 1000 करोड़ रुपए की आर्थिक स्वीकृति दी गयी। मिसिंग, राभा, तिवा, कार्बी, देउरी, डिमासा भाषाओं को प्राथमिक शिक्षा माध्यमों के रूप में अपनाने का निर्णय लिया गया है। आहोम, कोच राजबंशी और गोरखा जनजाति बालीपारा आदिवासी बेल्ट ब्लॉक में लाभ उठा सकेंगे। असम कृषि विश्वविद्यालय को विभाजित करते हुए दो विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएंगे। इनमें से एक पशु और मत्स्य विश्वविद्यालय और दूसरा कृषि विश्वविद्यालय होगा। इसके अलावा अन्य कई निर्णय लिए गए।

## इंफाल की डीएम...

हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना गया था। विस्फोट के बाद सुरक्षा बल तुरंत इलाके में पहुंचे और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। इस बीच एक नागरिक समाज संगठन के परिसर में भी आगजनी और गोलीबारी की भी खबर है।

## सरकार में यूसीसी...

जयंतमल्ल बरुआ ने दावा किया है कि ये यूसीसी की दिशा में अहम कदम है। एआईयूडीएफ के विधायक डॉ. रफीकुल इस्लाम ने राज्य सरकार के मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून खत्म करने के फैसले पर कहा कि इस सरकार में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की हिम्मत ही नहीं है। वे ऐसा कर ही नहीं सकते। ये उत्तराखंड में जो लाए हैं, वह यूसीसी नहीं है। ये असम में भी यूसीसी लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वे असम में ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि असम में विभिन्न जातियों और समुदायों के लोग रहते हैं। भाजपा समर्थक खुद इन प्रथाओं का पालन करते हैं। चुनाव आ रहे हैं...और ये सिर्फ मुस्लिमों को निशाना बनाने की रणनीति है। इसलिए ये मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून हटा रहे हैं। असम कैबिनेट के पास अधिकार ही नहीं है कि वे संविधान में मिले अधिकार में संशोधन कर सकें। कांग्रेस नेता राशिद मंडल ने सरकार के फैसले पर कहा कि %मैं अभी तक इसे विस्तार से नहीं देख पाया हूं, लेकिन यह एक पक्षपातपूर्ण फैसला है। सरकार यूसीसी की बात कर रही है और बहुविवाह पर प्रतिबंध की बात कर रही है, लेकिन सरकार ऐसा करने में असफल रहेगी। चुनाव से पहले ये हिंदू मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में लामबंद करने की कोशिश कर रही है। सरकार का कहना है कि ये (मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण) कानून अंग्रेजी शासनकाल का है और इससे बाल विवाह पर रोक लगेगी, लेकिन ये तथ्य नहीं है। ये कानून सिर्फ मुस्लिमों की शादियों को पंजीकृत करने के लिए है और यह भारत के संविधान के अनुरूप है। यह मुस्लिमों का पर्सनल लॉ है, जिसे हटाया नहीं जा सकता। हम अपनी पार्टी के नेताओं से चर्चा के बाद इस मामले पर अपनी बात रखेंगे।

## कुकी पुलिसकर्मियों का ...

आईटीएलएफ नेता और प्रवक्ता गिंजा वुअलजोंग ने कहा कि मौजूदा स्थिति में स्थानांतरण अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें (कुकी-जो पुलिसकर्मियों) मैतेई आबादी वाले जिलों की यात्रा करनी पड़ेगी और यदि वे यात्रा में बच भी जाते हैं तो उन्हें ज्यादातर मैतेई पुलिसकर्मियों के साथ तैनात किया जाएगा। ऐसे में सरकार उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकती है। संस्था ने गृह मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि मणिपुर की हिंसा के कारण राज्य में समुदाय जातीय आधार पर बंट गए हैं। अभी हाल ही में तीन आदिवासी सुरक्षा कर्मियों को मैतेई समुदाय के लोगों ने हमला कर बर्बरतापूर्वक पर पीटा था। उन्हें बमुश्किल केंद्रीय सशस्त्र बलों ने बचाया था। ऐसे में यह स्थानांतरण अन्यायपूर्ण हैं। आईटीएलएफ ने गृह मंत्री को पत्र में मणिपुर पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी भेदभावपूर्ण आदेश को लागू किए जाने से रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया।

## हिमंत विश्व शर्मा...

कि कांग्रेस में जैसा बर्ताव हो रहा है, उससे साफ है कि पार्टी को अल्पसंख्यकों की जरूरत नहीं है। तो अब हमें अपने विकल्प देखने पड़ेंगे। जीशान ने कहा कि कांग्रेस खुद को अल्पसंख्यकों का अन्नदाता बताती है। लेकिन अब उसे यह ढोंग बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा कहती है कि हम हमेशा मुस्लिम समाज के साथ हैं। अल्पसंख्यकों के साथ हैं। लेकिन जितनी सांप्रदायिकता कांग्रेस पार्टी के अंदर है, उतनी कहीं नहीं है। जीशान ने राहुल गांधी की टीम पर निशाना साधते हुए कहा था कि राहुल की टीम के लोगों ने ही पार्टी को खत्म करने की सुपारी ले रखी है। राहुल गांधी की टीम में सब भ्रष्टाचारी भरे हुए हैं। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे को पिता समान बताते हुए कहा कि लेकिन उनके हाथ बंधे हुए हैं। जीशान ने कहा कि मुझे किसी व्यक्ति विशेष से नाराजगी नहीं है। मुझे संगठन से नाराजगी है। पार्टी में मुझे सुननेवाला कोई नहीं है। गौरतलब है कि हिमंत विश्व शर्मा कांग्रेस में रहने के दौरान एक बार राहुल गांधी से मिलने गए थे तो उनके साथ भी कुछ इस तरह का मामला सामने आया था। कांग्रेस छोड़ने के बाद हिमंत ने उस घटना का जिक्र भी किया था। हिमंत ने दावा किया था कि राहुल गांधी के साथ बैठक के दौरान उनके पालतू कुत्ते पिद्दी को एक प्लेट में बिस्किट दिया गया था, जिसे बाद में उपस्थित कांग्रेस नेताओं की ओर बढ़ाया गया था। इस किस्से का इस्तेमाल असम के मुख्यमंत्री ने पार्टी के प्रति राहुल गांधी के समर्पण पर सवाल उठाने के लिए किया था और इसे शर्मा के कांग्रेस छोड़ने के कारणों में से एक बताया गया था। इंटरनेट मीडिया के अनुसार, असम सरकार ने समान नागरिक कानून की ओर पहला कदम बढ़ा दिया है। हिमंत विश्व शर्मा की सरकार ने मुस्लिम विवाह और तलाक अधिनियम 1930 को खत्म करने का फैसला लिया। शुक्रवार को कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बाद अब सभी शादियां स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत की जाएंगी। सरकार के अनुसार, बाल विवाह को रोकने के मकसद से सरकार ने ये कदम उठाया है। हिमंत विश्व शर्मा की कैबिनेट ने फैसला लिया है कि मुस्लिम विवाह और तलाक अधिनियम के मामलों से जुड़े 94 लोगों को एकमुश्त दो लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा। असम सरकार ने बहुविवाह रोकने के लिए कानून बनाने की तैयारी काफी पहले से कर ली थी। राज्य सरकार ने इसके लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज वाली एक विशेष समिति बनाई थी। समिति की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लाम में मुस्लिम पुरुषों की चार महिलाओं से शादी परंपरा अनिवार्य नहीं है।

## उप्र के कासगंज ...

गिरने से हुआ हादसा दुख से भर देने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

## एक जुलाई से ...

की भी मंजूरी मिल गई थी। इसके बाद अब गृह मंत्रालय ने इस कानूनों के लागू होने की तारीख भी बता दी। नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद अंग्रेजों के जमाने के कानून समाप्त हो जाएंगे। इसी के साथ इस कानून में राजद्रोह को खत्म कर दिया गया है।

## नारेबाजों के बीच ...

पद की शपथ दिलाई। एसआईसी 113 में से लगभग 100 ने भी शपथ ली। एसआईसी-पीटीआई उम्मीदवार असलम इकबाल और कुछ अन्य नेता विधानसभा नहीं पहुंचे। शपथ दिलाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव शनिवार को होंगे। सभी पीएमएल-एन विधायक नवाज शरीफ की तस्वीर के साथ सदन में पहुंचे थे और शरीफ के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए उनके समर्थन में नारे लगाए। नवाज शरीफ ने आश्चर्यजनक रूप से अपने छोटे भाई को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है। एसआईसी-पीटीआई विधायकों ने *जनादेश चोर* के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि एक बार जब अदालत इस मामले में अपना फैसला सुना देगी तो वे सरकार बना लेंगे। पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम का पहली महिला मुख्यमंत्री बनना तय है क्योंकि उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है। दूसरी ओर, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने एसआईसी-पीटीआई को महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों से वंचित कर दिया है। ईसीपी ने कहा कि उसने समय पर महिलाओं और आरक्षित सीटों की सूची जमा नहीं की है। इस मामले में एसआईसी की अपील ईसीपी के पास लंबित है।

## टिपरा मोथा प्रमुख...

असर डाला है। उन्होंने कहा कि लड़ाई में एक पक्ष का नेतृत्व मेरे द्वारा किया जाता है। मैं महल को छोड़कर गरीब तिपरासा लोगों को लिए लड़ रहा हूं। जबकि दूसरे छोर पर बड़े लोग हैं, जो गारंटी देते हैं, लेकिन देते कुछ भी नहीं हैं। पिछले एक साल से केंद्र हमें बता रहा है कि तिपरासा लोगों के लिए कुछ किया जाएगा, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि तिपरासा लोगों के अधिकारों के लिए लड़ाई अंतिम मोड़ पर पहुंच गई है। देबबर्मा ने कहा कि वह अगले कुछ दिनों में तिपरासा लोगों की भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए आमरण अनशन शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं मर भी जाऊं तो तिपरासा लोग याद रखेंगे कि उनके पास एक राजा था, जिसने उन गरीब तिपरासा लोगों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अकेले लड़ाई लड़ी थी, जिनके अधिकार सत्तर साल पहले छीन लिए गए थे। शाही वंशज ने कहा कि मैं तिपरासा लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए लड़ाई के बिना वापस नहीं आऊंगा, ताकि वे अपना सिर हमेशा ऊंचा रख सकें। पूरा देश इस बात को याद रखेगा कि एक राजा था, जिसने अपने लोगों के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। टिपरा मोथा पार्टी ने पिछले साल के विधानसभा चुनाव में *ग्रेटर टिपरालैंड* की मांग के साथ तेरह सीट पर जीत हासिल की थी और मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी। टिपरा मोथा आदिवासी तिपरासा की समस्याओं के संवैधानिक समाधान के लिए केंद्र से बातचीत कर रहा है।

## लचीली अर्थव्यवस्था को...

भारत के लिए प्राचीन अवधारणा है। उन्होंने एक ग्रंथ का हवाला देते हुए बताया कि छोटे संसाधनों को एक साथ मिलाने पर बड़ा काम पूरा किया जा सकता है और भारत में गांवों की प्राचीन व्यवस्था में इसी मॉडल का पालन किया जाता था। उन्होंने कहा कि खेती और किसानी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इस सोच के साथ हमने अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस नए मंत्रालय के माध्यम से सरकार का लक्ष्य भारत के कृषि क्षेत्र की खंडित शक्तियों को एक साथ लाना है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने गांवों में छोटे किसानों के बीच बढ़ती उद्यमशीलता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अलग मंत्रालय होने के कारण देश में 10,000 एफपीओ के लक्ष्य में से 8000 एफपीओ पहले से ही कार्यरत हैं। सहकारिता का लाभ अब मछुआरों और पशुपालकों तक भी पहुंच रहा है। मत्स्य पालन क्षेत्र में 25,000 से अधिक सहकारी इकाइयां कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में 200,000 सहकारी समितियों की स्थापना के सरकार के लक्ष्य को दोहराया। प्रधानमंत्री ने पीएसीएस जैसे सरकारी संगठनों के लिए नई भूमिका बनाने के सरकार के प्रयास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ये समितियां जन औषधि केंद्र के रूप में कार्य कर रही हैं जबकि हजारों पीएम किसान समृद्धि केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर के क्षेत्र में काम करने वाली सहकारी समितियों का भी उल्लेख किया, जबकि पैक्स कई गांवों में जल समितियों की भूमिका भी निभाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे ऋण समितियों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है और आय के नए स्रोत भी पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां अब गांवों में सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में काम कर रही हैं और सैकड़ों सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे गांवों में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत की यात्रा में सहकारी संस्थानों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने उनसे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों में योगदान देने को कहा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि सहकारी को उन वस्तुओं की सूची बनानी चाहिए जिनके लिए हम आयात पर निर्भर हैं और यह पता लगाना चाहिए कि सहकारी क्षेत्र उन्हें स्थानीय स्तर पर उत्पादन करने में कैसे मदद कर सकता है। उन्होंने एक उत्पाद के रूप में खाद्य तेल का उदाहरण दिया जिसे अपनाया जा सकता है। इसी तरह इथेनॉल के लिए सहयोगात्मक प्रयास ऊर्जा जरूरतों के लिए तेल आयात पर निर्भरता को कम कर सकता है। दलहन आयात एक अन्य क्षेत्र है जिसे प्रधानमंत्री ने विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए सहकारी समितियों के लिए सुझाया है। उन्होंने कहा कि कई वस्तुओं का विनिर्माण भी सहकारी समितियों द्वारा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती और किसानों को ऊर्जादाता (ऊर्जा प्रदाता) और उर्वरकदाता (उर्वरक प्रदाता) बनाने में सहकारी समितियों की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि खेतों की सीमाओं पर छत पर लगे सौर ऊर्जा और सौर पैनलों को सहकारी पहल के क्षेत्रों के रूप में देखा जा सकता है। इसी तरह का हस्तक्षेप गोवर्धन, जैव सीएनजी, खाद और अपशिष्ट से धन के उत्पादन में भी संभव है। उन्होंने कहा कि इससे उर्वरक आयात बिल भी कम होगा। उन्होंने सहकारी समितियों से छोटे किसानों के प्रयासों की वैश्विक ब्रांडिंग के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने श्रीअन्न (मोटा अनाज) को वैश्विक स्तर पर डाइनिंग टेबल पर उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद से सहकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की ओर से अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग की जा रही थी। समय के साथ सहकारी क्षेत्र में बदलाव, इसे प्रासंगिक बनाए रखने और इसे आधुनिक बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण था। पिछली सरकारों ने इस जरूरत को पूरा नहीं किया लेकिन नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद इस मांग को पूरा किया और एक पूर्ण सहकारिता मंत्रालय का गठन किया।

## चुनाव में पैसों ...

पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों द्वारा, कुछ महिलाओं द्वारा और कुछ युवाओं द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका मकसद उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय और व्हीलचेयर जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उधर चुनाव आयोग ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि अधिकारियों को जिले से बाहर स्थानांतरित करते समय यह ध्यान रखा जाए कि उन्हें उसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तैनात नहीं किया जाए। चुनाव आयोग के अनुसार आयोग ने मौजूदा स्थानांतरण नीति को मजबूत किया है। आयोग ने उन मामलों का संज्ञान लेते हुए ऐसा फैसला किया है, जिनमें राज्य सरकार अधिकारियों को एक ही संसदीय क्षेत्र के भीतर निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरित/तैनाती कर देती है। यह नियम उन तबादलों और पोस्टिंग पर पूर्वव्यापी रूप से लागू होता है जिन्हें आयोग के पूर्व निर्देशों के अनुसार पहले ही लागू किया जा चुका है। ईसीआई नीति के अनुसार अपने गृह जिले में तैनात या एक स्थान पर तीन साल पूरे कर चुके सभी अधिकारियों को स्थानांतरित किया जाना चाहिए। पहले ही इसके निर्देश दिए जा चुके हैं।

## राज्य के चार जिलों...

में मणिपुरी को सहायक आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने का प्रविधान है। विधेयक में एक नई धारा 5बी जोड़कर असम राजभाषा अधिनियम, 1960 में संशोधन का प्रविधान है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने *एक्स* पर पोस्ट कर बताया कि इस फैसले से असम में रह रहे मणिपुरी लोगों की सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई पहचान एवं विरासत को संरक्षण मिलेगा।

##

# आयुर्वेदिक कॉलेज में पंचकर्म उत्कृष्टता केंद्र और राज्य फार्मेसी के नवीनीकरण का उद्घाटन

## 75 साल पुराने कॉलेज को उत्कृष्टता केंद्र बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी : सोनोवाल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** केंद्रीय आयुष और बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने शनिवार को असम में आयुष क्षेत्र को और बढ़ावा देने के लिए गुवाहाटी के जालुकबारी स्थित सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल में पंचकर्म उत्कृष्टता केंद्र और राज्य फार्मेसी के नवीनीकरण का उद्घाटन किया। इससे जनता को सस्ती कीमतों पर पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों से लाभ मिल सकेगा। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में हम देश में पारंपरिक चिकित्सा और चिकित्सा पद्धतियों का विस्तार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इससे असम और पूर्वोत्तर की जीवन प्रत्याशा में तेजी आई है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि गुवाहाटी के सरकारी आयुर्विदिक कॉलेज अग्रणी भूमिका निभाएगा। हमने इस 75 साल पुराने कॉलेज को

उत्कृष्टता का केंद्र बनाने को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व ने आयुष क्षेत्र को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। हाल के वर्षों में भारत में पारंपरिक चिकित्सा को पुनर्जीवित किया है। आयुर्वेदिक प्रणालियां लोगों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय हो गई हैं, प्राकृतिक सुंदरता तथा वन औषधि से भरपूर असम में अनेक आयुर्वेदिक कॉलेज, अस्पताल, करीब 500 आयुष सुस्थता केंद्र तैयार किया गया हैं। हाल ही में पासीघाट, शिलांग और गुवाहाटी में आयुष संस्थानों की क्षमता का विस्तार करने की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के साथ असम सरकार के मंत्री केशव महंत, विधायक अतुल बोरा, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, रमेन्द्र नारायण कलिता के साथ अनेक गणमान्य व्यक्ति उपास्थित थे।

# कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, विरोध में सड़क जाम

**करीमगंज ( हिंस )।** करीमगंज जिले के हरिबासेर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मयना कंदेर (35) की मौके पर ही मौत हो गई। मयना पेशे से बढ़ई बताया गया है। घटना बीती रात करीब साढ़े 11.30 बजे की है। घटना की जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी मयना बीती रात प्रतिदिन की तरह राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित अपने कार्यस्थल से घर लौट रहा था। रात के करीब 11.30 बजे थे। अचानक लोयाइपोआ से पथारकांदी की ओर तेज गति से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति सड़क के किनारे जा गिरा, जिसके चलते उसकी जान चली गई। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और देखा कि गंभीर रूप से घायल बढ़ई मयना सड़क किनारे पड़ा हुआ था। हादसे के बाद आरोपित कार समेत फरार हो गया। स्थानीय भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार पर वाहनों पर लगाम लगाने की मांग करते हुए कार को रोककर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। खबर मिलते ही पथारकांदी थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित भीड़ को शांत किया और मृतक के परिवार को न्याय दिलाने का वादा किया। आश्वासन मिलने के बाद लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग से जाम खोल दिया। लेकिन

कुछ देर बाद उन्होंने फिर से राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। बाद में प्रशासनिक मजिस्ट्रेट और राजस्व मंडल अधिकारी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक दास ने काफी प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों को नहीं रोक सके। बाद में घटना की सूचना गुवाहाटी में रह रहे विधायक कृष्णेंदु पाल को दी गयी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की उत्साहित भीड़ से बात की, जिसके बाद सड़क जाम समाप्त हो गया। बाद में, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय करीमगंज सिविल अस्पताल भेज दिया गया। मालूम हो कि मृतक मयना कंदेर की एक मां और एक बहन है।

# नई प्रतिभाओं के लिए खेलो इंडिया सही मंच : किआनो फूरी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** दक्षिण अफ्रीकी रग्बी कोच किआनो फूरी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) अष्टलक्ष्मी 2023 में हर मैच को देख रहे हैं और खिलाड़ियों की ताकत और कमजोरियों के बारे में विस्तार से नोट कर रहे हैं। पहली बार 2022 में बिहार की रग्बी टीम के मेंटर के रूप में भारत आए फूरी अब भुवनेश्वर में रग्बी इंडिया के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। वह गुवाहाटी में प्रतिभा की तलाश कर रहे हैं। फूरी ने कहा कि रग्बी में भारतीय प्रतिभा जबरदस्त है लेकिन अभी तक अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाई है। हमारा उद्देश्य होनहार खिलाड़ियों की पहचान करना और असाधारण प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालयों से संपर्क करना है। रग्बी में जागरूकता और भागीदारी बढ़ने से (विशेषकर बच्चों में) आत्मविश्वास बढ़ेगा और युवाओं के भीतर खेल का आनंद गहरा होगा। खेलो इंडिया जैसे प्लेटफार्मों का लाभ उठाने से युवा एथलीटों को महत्वपूर्ण अनुभव मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिभा पूल का पोषण और सशक्तिकरण हो। फूरी बताते हैं कि भारत में विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में विविध आनुवंशिक संरचना है और विविधता एक समृद्ध प्रतिभा पूल प्रदान करती है जिसे पहचानने और पोषित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा वर्तमान ध्यान विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभा पूल का आकलन करने पर केंद्रित है।

# राज्यपाल ने सोनबील उत्सव-2024 का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को करीमगंज के सोनबील में सोनबील उत्सव-2024 का उद्घाटन किया। डोनर मंत्रालय के सहयोग से असम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और आर्द्रभूमि संरक्षण पर जागरुकता बढ़ाना है। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मीठे पानी की झील सोनबील की महिमा, क्षेत्र के प्रचूर खजाने का उदाहरण है। विशाल जलराशि अपने जीवन के साथ-साथ जलीय जीवन और लोगों के लिए समृद्धि प्रदान करने वाली प्रकृति का चमत्कार है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस प्राचीन झील की दृश्यता बढ़ाएं और इसकी पर्यटन क्षमता को प्रकृति के अनुरूप बनाएं। दुनिया भर में झील के महत्व को बढ़ाने के लिए संचार चैनलों को पुनर्जीवित करना और पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाना महत्वपूर्ण है। कटारिया ने पूर्वोत्तर परिषद, डोनर, स्थानीय सांसद, जिला प्रशासन और अधिक महत्वपूर्ण रूप से सीमांत क्षेत्रों के लोगों जैसे अन्य लाभार्थियों के सहयोग से सोनबील उत्सव के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए असम विश्वविद्यालय की सराहना की। राज्यपाल ने सोनबील पर अध्ययन करने और इसके सतत विकास और पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने में योगदान देने के लिए असम विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि दुर्लभ मछली प्रजातियों के आवास

और प्रवासी पक्षियों के अभयारण्य के रूप में सोनबील की स्थिति को देखते हुए, इसकी पारिस्थितिक अखंडता को संरक्षित करने के लिए भी व्यापक प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सोनबील के अमूल्य संसाधनों की सुरक्षा करके, हम न केवल अपने पर्यावरण प्रबंधन को बरकरार रखते हैं, बल्कि सोनबील को इको-पर्यटन के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में बढ़ावा देते हैं, जिससे यात्रियों को इसकी अद्वितीय और प्राचीन सुंदरता में डूबने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस कार्यक्रम में सांसद कृपानाथ मल्लाह, संयुक्त सचिव डोनर, अंशुमान दे, असम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजीव मोहन पंत सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इससे पहले, राज्यपाल ने आज जिला आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जिला प्रशासन, विभिन्न विभाग प्रमुखों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक समीक्षा बैठक की और करीमगंज जिले की मौजूदा कानून-व्यवस्था के साथ-साथ विकास कार्यों का जायजा लिया।

# हिंदुओं का ध्रुवीकरण करना चाहती है सरकार : कांग्रेस

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कांग्रेस विधायक अब्दुर रशीद मंडल ने आरोप लगाया है कि असम मुस्लिम मैरिज एंड डायवोर्स एक्ट 1935 को असम कैबिनेट द्वारा निरस्त करके सरकार हिंदू मतदाताओं का

चुनाव के मौके पर ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस विधायक ने कैबिनेट के इस फैसले को मुस्लिम विरोधी करार देते हुए कहा कि चुनाव का मौसम है इसीलिए मतदाताओं को दिखाने के लिए कैबिनेट द्वारा इस प्रकार का फैसला लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बहु-विवाह बंद नहीं कर सकी। यूसीसी नहीं ला सकी तो किसी प्रकार मुसलमानों को डिप्राइव करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि इसको लेकर असम सरकार भ्रामक प्रचार कर रही है। इस कानून का बाल विवाह से कोई लेना-देना ही नहीं है। कैबिनेट द्वारा इसे आजादी से पहले बनाया गया कानून कहकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मुस्लिम मैरिज के रजिस्ट्रेशन के लिए बनाया गया पर्सनल लॉ है। इस कानून को निरस्त करने का अधिकार असम सरकार की कैबिनेट के पास नहीं है। वह किसी तरह इसको निरस्त नहीं कर सकते हैं। कैबिनेट के फैसले को चुनौती देने संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि यह निर्णय पार्टी नेताओं के साथ बैठक करके लिया जाएगा। फिलहाल वे इस संदर्भ में कुछ भी नहीं कर सकते हैं।

# मणिपुर में उपद्रवियों ने फूंका यूसीएम कार्यालय

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में स्थित यूनाइटेड कमेटी मणिपुर (यूसीएम) कार्यालय को उपद्रवियों ने आग लगा दिया। यह घटना शनिवार को तड़के हुई। बताया गया है कि यह घटना इंफाल पश्चिम के थांगमेइबैंड में डीएम कॉलेज के बाहर शुक्रवार की रात हुए कथित बम विस्फोट के बाद हुई। विस्फोट स्थल कथित तौर पर ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन कार्यालय के करीब है। विस्फोट में एक की मौत तथा दो के घायल होने की बात भी कही गयी है। हालांकि, पुलिस ने इस बारे में अभी तक कुछ भी नहीं कहा है।

# ऑल बीटीआर बंगाली युवा छात्र फेडरेशन ने श्मशानघाट में चलाया सफाई अभियान

**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के शहर स्थित श्मशानघाट में आज ऑल बीटीआर बंगाली युवा छात्र फेडरेशन ने सफाई अभियान चलाया। यह अभियान जिला समिति के नेतृत्व में चलाया गया। इस सफाई अभियान में जिला समिति के प्रभारी अध्यक्ष बीजू साहा, साधारण सचिव अमर सरकार के साथ-साथ कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं इस सफाई अभियान के फेडरेशन के जिला समिति के अध्यक्ष बीजू साहा ओर साधारण सचिव अमर सरकार ने जिलावाशियों से अनुरोध किया कि श्मशानघाट का इस्तेमाल करने के बादे इसे साफ-सफाई रखनी चाहिए।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री 554 स्टेशनों की रखेंगे आधारशिला

## 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडर पास का भी होगा शिलान्यास

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी, 2024 को पूर्वोत्तर सीमा रेल के 23 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। भारतीय रेल के स्टेशनों के विकास के लिए *अमृत भारत स्टेशन* योजना के तहत इन स्टेशनों का नवीनीकरण किया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री इन 23 स्टेशनों में से त्रिपुरा के अगरतला स्टेशन, मिजोरम के साइरंग स्टेशन और सिक्किम के रंगपो स्टेशन की भी आधारशिला रखेंगे। त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन को 48 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत एक उल्लेखनीय स्वरूप मिलेगा। इसी तरह, मिजोरम के साइरंग स्टेशन और सिक्किम के रंगपो स्टेशन को क्रमश: 40 करोड़ रुपए और 335 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशनों के नवीनीकरण में आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ संबंधित राज्यों की स्थानीय वास्तुकला का सम्मिश्रण होगा। उक्त स्टेशनों के विकास

से समग्र पूर्वोत्तर में रोजगार, व्यापारिक अवसरों के नए मार्गों का सृजन होगा और यात्रियों के लिए यात्रा आसान होगी। पूसी रेल के क्षेत्राधिकार के अधीन इन 3 स्टेशनों के अलावा, असम के 11 स्टेशनों अर्थात् हयबरगांव, गहपुर, हारमती, माजबाट, पाठशाला, टांगला, उदालगुड़ी, विश्वनाथ चारआली, मुरकंगसेलेक, उत्तर लखिमपुर और सिलापथार, बिहार के 3 स्टेशन अर्थात अररिया कोर्ट, लाभा और सालमारी तथा पश्चिम बंगाल के 06 स्टेशनों अर्थात् बालुरघाट, भालुका रोड, हरिश्चंद्रपुर, कुमेदपुर जं, मालदा कोर्ट और सिलीगुड़ी जंक्शन को भी पुनर्विकास की आधारशिला के लिए चयन किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री पूसी रेल के अधीन 06 रोड अंडर ब्रिज और 02 रोड ओवर ब्रिज की भी आधारशिला रखेंगे। स्टेशनों के अपग्रेडेशन से स्टेशनों तक बेहतर पहुंच, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, नि:शुल्क वाई-फाई, बेहतरीन डिजाइन वाले साइनेज, अनुकूल पैदल यात्री पथ, एक स्टेशन एक उत्पाद जैसी योजनाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, उन्नत यात्री सूचना प्रणाली, एक्जिक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, लैंडस्केपिंग और अन्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकतानुसार सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

# गुवाहाटी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग ने अपना वार्षिक उत्सव एक्सर्बिया *बोइचित्रा* मनाया

**गुवाहाटी।** 23 फरवरी, 2024 को जीसीएपी ने अपने वार्षिक उत्सव *एक्सर्बिया - बोइचित्रा* का समापन माननीय मुख्य अतिथि डॉ. नृपेन दास, रजिस्ट्रार, असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों, प्रोफेसर कंदर्पा दास, कुलपति, गिरिजानंद चौधरी विश्वविद्यालयके साथ मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत शुभ दीप प्रज्ज्वलन, प्रबंध और संस्थापक ट्रस्टी आर्किटेक्ट अबनी दास, ट्रस्टी दक्ष दास और सीईओ साहिल दास, प्रिंसिपल प्रोफेसर यूके भूबालन के स्वागत भाषण और छात्रों द्वारा एक सुंदर स्वागत नृत्य के साथ हुई। इसके बाद बहारी सत्र परियोजना का प्रदर्शन किया गया, जो छात्रों, संकाय सदस्यों और जीसीएपी के प्रबंधन का एक संयुक्त प्रयास था। कॉलेज में विद्यार्थियों के कार्यों की एक छोटी प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 14 फरवरी, 2024 को सरस्वती पूजा के उत्सव के साथ हुआ, जिसने इस अवसर में उत्सव और उद्देश्य की एक और परत जोड़ दी। 8 दिनों का कार्यक्रम उत्सव और सीखने का समय था और कॉलेज को परिभाषित करने

वाली समृद्ध विविधता को दर्शाता है। छात्रों ने चार मौलिक टीमों, अग्नि, जल, वायु और पृथ्वी की भावना के साथ भारतीय कार्निवल की जीवंत शैली के एक रोमांचक मिश्रण से खुद को पछाड़ दिया। एक्सुर्बिया विभिन्न विषयों और विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले छात्रों की विविध प्रतिभाओं और उपलब्धियों का जश्न मनाने का समय है। पूरे सप्ताह खेल प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनियों जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और उसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि डॉ. नृपेन दास के अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक भाषण और जीसीएपी छात्रों के बैंड प्रदर्शन के साथ हुआ।

# डीजे और संगीत बैंड केआईयूजी अष्टलक्ष्मी में जोड़ रहे हैं सांस्कृतिक स्वाद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** हर शाम लोकप्रिय डीजे और संगीत बैंड के लाइव परफॉरमेंस ने गुवाहाटी में चल रहे चौथे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-अष्टलक्ष्मी के दौरान अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मूड में एक सांस्कृतिक स्वाद जोड़ दिया है और खिलाड़ियों के साथ-साथ फैंस भी इसका भरपूर आनंद ले रहे हैं। ब्लू विंग्स, मल्कौस बैंड, आर्सेनिक, डीजे टोनी, डीजे प्रिंस और डीजे योकैलिंक जैसे कई लोकप्रिय बैंडों ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) में सबसे अधिक खेल गतिविधियों के केंद्र-सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों तथा फैन्स की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया है। एक आयोजक ने कहा कि संगीत कार्यक्रम खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए प्लाण्ड सांस्कृतिक गतिविधियों का हिस्सा हैं। संगीत एथलीटों को मैदान पर एक थका देने वाले दिन के बाद रिलैक्स करने में मदद करता है। ये परफॉरमेंस हर शाम आयोजित किए जाते हैं, और हमारे पास हर दिन कई लोकप्रिय डीजे और बैंड होते हैं। संगीतमय शामें रीजन का फ्यूजन, पॉप, इंडी और लोकप्रिय बॉलीवुड नंबरों का मिश्रण होती है। इनमें एथलीट, कोच और दल के अन्य सदस्य अपनी-अपनी प्रतियोगिताओं के बाद थिरकते हैं। सांस्कृतिक परफॉरमेंस के साथ-साथ केआईयूजी-अष्टलक्ष्मी के आयोजकों ने प्रशंसकों के जुड़ाव और गुवाहाटी के नागरिकों के बीच खेलों के बारे में जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया है। इसके तहत केआईयूजी शुभंकर को शहर के हर कोने में ले जाया जा रहा है। खेलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शहर भर के कॉलेजों, शॉपिंग मॉल और लोकप्रिय हैंगआउट में गेम्स एंथम बजाते हुए कैंटर टूर, शुभंकर इंटरैक्शन किए जा रहे हैं। इन टूर्स में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग देखा गया। आयोजकों में से एक ने कहा कि सक्रियताओं के हिस्से के रूप में, हमने पूरे शहर के लिए एक रूट प्लान तैयार की है। प्रत्येक दिन दो कैंटर विपरीत दिशाओं से यात्रा कर रहे हैं।

संपादकीया

# राजनीतिक कुंडली में बेरोजगार

**अंततः** हिमाचल का विधानसभा सदन खामोशी से सुन रहा बेरोजारों की वकालत। सरहद पर खड़ा बेरोजगार और विपक्ष की वकालत का सहारा, उसे हमेशा की तरह फिर किंकर्तव्यविमूढ़ बन रहा। मंगलवार की बहस में नौकरी का सरकारी रुतबा आसमान पर सितारे गिनता रहा। कहीं आउटसोर्स चीख रहा, कहीं साल में एक लाख नौकरी का टोटका बोलता रहा। इस दौरान बच्चों ने रोजगार कार्यालय का चेहरा देखना छोड़ दिया, लेकिन पंजीकृत 742845 बेरोजगारों के लिए सरकार ही ख्वाजा पीर की अरदास है या किसी मंदिर की पूजा में की गई मन्नत। कितने दोराहे-कितने चौराहे हैं पढ़े लिखे बेरोजगारों के लिए, लेकिन नौकरी का शब्द सरकारी शब्दकोष की तरह अपने अर्थ में मुगालते भर रहा है। अब गिनती का रोजगार गिनती कब तक करे, लेकिन पांच साल में पांच लाख बेरोजगार अगर किस्मत के धनी हो गए, तो रोजगार कार्यालय भी अपने आंकड़ों का उद्धार कर लेगा। हमने देखा कि एक बार तत्कालीन धूमल सरकार ने सरकारी नौकरी की चारपाई पर युवाओं को 45 साल की उम्र तक सपने देखने के लिए सुला दिया। इसका कितना व किसको लाभ हुआ, लेकिन रोजगार की कचहरी में याचक बढ़ गए। बेरोजगार अब सरकार के सामने याचक और विपक्ष उनका वकील। इसलिए इस बार भाजपा की कुंडली में बेरोजगारी का मुद्दा है, तो तकरार के बाजुओं में दम है, वरना हिमाचल में वही चंद बीघा जमीन जोत कर नौकरियों की मुंडियां उगाई जाती हैं। कॉडर से बहस करता एक नया कॉडर, अप्रत्यक्ष नियुक्तियों से बात करता एक नया उपनाम और विसंगतियों की चिल्लपों में वर्षों से संघर्षरत कोई न कोई कर्मचारी वर्ग। इसका एहसास, उसका हिस्सा और सियासी हिस्सेदारी में रेवड़ियां ढूंढते हमने सरकारी नौकरी की चयन प्रक्रिया को इतना लचर बना दिया कि अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग के परीक्षा पत्र ढाबों में बिकने लगे। फर्जी दस्तावेज से कभी डाक सेवक बनने की उमंग, तो कभी सचिवालय तक कदम पहुंच जाते हैं। पूरी की पूरी पुलिस भर्ती विभाग के अभिशप्त अध्याय लिख गई, लेकिन राज्य के पास दंड देने की शक्ति नहीं। दंड मिलता है उस सपने को जो पढ़े-लिखे नौजवान को सोने नहीं देता। हर पेपर लीक या रोजगार की जालसाजी में कितने अरमान मरते हैं, इसकी कभी जांच पूरी नहीं होती। दरअसल रोजगार है क्या, इसे समझे बिना सरकारों ने अपनी मुट्ठी में आई सरकारी नौकरियों का ही गुणगान किया, जबकि हिमाचल का निजी क्षेत्र लगातार बढ़ाता रहा अवसर। अब हम निजी निवेश को पुकार रहे हैं, लेकिन क्या हमारा बेरोजगार युवा निजी रोजगार को पुकार रहा है। बीबीएन में पैदा हुए रोजगार के लिए हमने शर्तें भले ही सत्तर फीसदी हिमाचलियों के पक्ष में ईजाद कीं, लेकिन हमारे बेरोजगार युवाओं ने अपने हिस्से का अधिकांश रोजगार ठुकरा दिया। यह इसलिए कि हमने उसे घर द्वार पर ऐसी शिक्षा दी जो उसे कर्मठ नहीं, सरकारी नौकरी की बैसाखी पर चलना सिखाती है। वह 'आउटसोर्स' होकर भी इसी बैसाखी पर चलता है, तो किसी तरह की अस्थायी कांट्रैक्ट पर भी प्रसन्न है और राजनीति उसे प्रेरित करती है। अगर कोविड काल में कुछ लोग 'आउटसोर्स' से काम पर लगाए तो उनका हक योग्यता या चयन परीक्षा से ऊपर क्यों हो जाता है। अगर एसएमसी का जरिया सामने आया, तो यही सरकारी नौकरी का नजरिया क्यों। जेओए आईटी परीक्षा अगर कलंकित है, तो इसकी तरफदारी क्यों। सरकार को नौकरी के बजाय रोजगार के लिए हालात, निवेश व नियम सरल करने होंगे ताकि निजी क्षेत्र के लिए प्रतियोगिता बढ़े। हिमाचल के सैकड़ों इंजीनियर, एमबीए व अन्य डिग्रियों को लेकर अगर देश भर के निजी क्षेत्र में अपना रोजगार पा रहे हैं, तो हिमाचल में यह हालात क्यों नहीं। वर्षों से गगल में बन रहे एक मात्र आई टी पार्क के प्रति पिछली सरकारों या वर्तमान की प्राथमिकता जुट जाती, तो क्या वहां रोजगार पैदा नहीं होता। श्रीमन विपक्ष और उदार सत्ता पक्ष से गुजारिश है कि बहस से हटकर रोजगार के विषय को समझते हुए युवाओं को निजी क्षेत्र के चमकते सितारे बनाने में मदद करें।

पांच साल में पांच लाख बेरोजगार अगर किस्मत के धनी हो गए, तो रोजगार कार्यालय भी अपने आंकड़ों का उद्धार कर लेगा। हमने देखा कि एक बार तत्कालीन धूमल सरकार ने सरकारी नौकरी की चारपाई पर युवाओं को 45 साल की उम्र तक सपने देखने के लिए सुला दिया। इसका कितना व किसको लाभ हुआ, लेकिन रोजगार की कचहरी में याचक बढ़ गए। बेरोजगार अब सरकार के सामने याचक और विपक्ष उनका वकील। इसलिए इस बार भाजपा की कुंडली में बेरोजगारी का मुद्दा है, तो तकरार के बाजुओं में दम है, वरना हिमाचल में वही चंद बीघा जमीन जोत कर नौकरियों की मुंडियां उगाई जाती हैं। कॉडर से बहस करता एक नया कॉडर, अप्रत्यक्ष नियुक्तियों से बात करता एक नया उपनाम और विसंगतियों की चिल्लपों में वर्षों से संघर्षरत कोई न कोई कर्मचारी वर्ग। इसका एहसास, उसका हिस्सा और सियासी हिस्सेदारी में रेवड़ियां ढूंढते हमने सरकारी नौकरी की चयन प्रक्रिया को इतना लचर बना दिया कि अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग के परीक्षा पत्र ढाबों में बिकने लगे। फर्जी दस्तावेज से कभी डाक सेवक बनने की उमंग, तो कभी सचिवालय तक कदम पहुंच जाते हैं।

## भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है

# श्रीराम मंदिर, मोदी का तपस्वी नेतृत्व और संसद में अमित शाह

संजय तिवारी

**भारत** की संसद में 10 फरवरी 2024 का दिन ऐतिहासिक रहा। देश के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा। इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना खासतौर पर नयी पीढ़ी के लिये अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीहनुमान चालीसा में एक चैपाई की एक अद्धाली में हनुमान जी के लिये लिखा है - सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीअयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर जो कुछ बोला वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है। अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर के निर्माण का है। गृहमंत्री ने अपने संबोधन के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे जा रहे हैं बल्कि स्वयं के मन की, भारत की जनता की भावनाओं की और भारत से बाहर के सभी रामभक्तों की भावनाओं के प्रतिनिधि स्वरूप अपनी बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की 140 करोड़ जनता और विश्व में अलग-अलग देशों में रह रहे रामभक्तों का यह ऐसा स्वर है जो वर्षों से न्यायालयी प्रत्रावलियों में दबा हुआ था। नरेन्द्र मोदी जैसे संकल्पित और तपस्वी प्रधानमंत्री के प्रयासों से वह स्वर मुखर हुआ, अभिव्यक्ति पाया और एक दुर्लभ सपना आज साकार स्वरूप में सभी के सामने है। गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में जोर इस बात पर दिया कि 22 जनवरी 2024 का दिन आने वाले दस सहस्त्र वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन चुका है। 22 जनवरी वह दिन है जिसमें करोड़ों भक्तों की आशाएं, आकांक्षाएं सिद्ध हुयी हैं। यह समग्र भारत के लिये आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का दिन है। यह महान भारत की यात्रा के आरंभ का दिन है। और मां भारती को विश्व गुरु के मार्ग पर आगे ले जाने का एक पड़ाव है। गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में राम, रामतत्व, राम के आदर्श, राम राज्य, राम का जीवन चरित्र, राम की यात्रा, उनके संघर्ष, उनके साहस, उनकी मार्यादा और लोक में राम की उपस्थिति पर बहुत विस्तार से चर्चा की। भारत के लिये राम कितने महत्वपूर्ण हैं इसकी व्याख्या करते हुए गृहमंत्री ने स्पष्ट किया कि राम और राम के चरित्र के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। जो भी लोग भारत को पहचानना चाहते हैं, जानना चाहते हैं, जीना चाहते हैं वे राम और रामचरितमानस के बिना जी ही नहीं सकते। राम का चरित्र और राम भारत के जनमानस के प्राण तत्व हैं। इसे सभी को समझना भी चाहिए और स्वीकारना भी चाहिए। जो लोग राम के अलावा भारत की कल्पना करते हैं वे भारत को तो नहीं ही जानते हैं बल्कि वे हमारी पराधीनता के समय का ही प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। भारत के संविधान से लेकर माहात्मा गांधी के रामराज्य तक की कल्पना में राम की महत्ता को गृहमंत्री ने बहुत विस्तार से समझाया। गृहमंत्री के अति गंभीर और विस्तृत उद्बोधन में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, श्रीलालकृष्ण आडवाणी की राम रथ यात्रा, निहंग आंदोलन, स्व. अशोक सिंघल जी द्वारा किये गये संघर्ष के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों पर जिस ढंग से प्रकाश डाला गया वह अत्यंत भावुक रहा। गृहमंत्री ने पालमपुर में भाजपा की कार्यकारिणी के प्रस्ताव से लेकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तक की यात्रा को बहुत विस्तार से सदन के पटल पर तो रखा ही, ऐसी शैली में रखा कि पूरा परिवेश अत्यंत भावपूर्ण हो गया। 1528 में मंदिर के विध्वंस से लेकर 1990 की कार सेवा और भारत के सुप्रीम कोर्ट में चलने वाली कार्यवाहियों और विवादों के बाद पांच जजों द्वारा दिये गये फैसले और अब मंदिर के बन जाने तक की यात्रा को गृहमंत्री ने विध्वंस के सामने विकास की विजय बताया। धर्मान्धता के सामने आध्यात्मिकता और भक्ति की विजय के रूप में रेखांकित करते हुए उन्होंने इसको भारत के गौरवमय युग की शुरुआत बताया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, संघर्ष, अदालती दांव-पेच, विरोधी पक्ष द्वारा की गयी टिप्पणियों और 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद श्रीराम मंदिर निर्माण के लिये किये जाने वाले प्रयासों को अद्वितीय बताते हुये अमित शाह ने कहा कि जब भी दुनिया का इतिहास लिखा जायेगा तब लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए किसी देश के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक विश्वास की पूर्ति के लिये इतना बड़ा संघर्ष मानक बनेगा और निश्चित रूप से इसकी सफलता का श्रेय सनातन मूल्यों के प्रति समर्पित और एक तपस्वी राजा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को ही जायेगा। गृहमंत्री ने और भी बहुत कुछ कहा जिसका उल्लेख सार में ही करना उचित होगा। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सनातन वैष्णव उपासक स्वरूप को गृहमंत्री ने विशेष रूप से सदन के सामने जब रखा तो वह क्षण भी बहुत भावपूर्ण था। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा - जब राम मंदिर का निर्माण हो रहा था, तब और जब जजमेंट आया तब, कई लोग कयास लगा रहे थे, कई लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस देश में रक्तपात हो जाएगा, इस देश में दंगे हो जाएंगे, इस देश में धर्म-धर्म के बीच में बड़े विवाद होंगे। मगर, मैं आज इस सदन को कहना चाहता हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं। कोर्ट के जजमेंट को भी जय-पराजय की जगह सबके मान्य न्यायालय के आदेश में परिवर्तित करने का काम मोदी जी के दूरदर्शी विचार ने किया है। जब समय आया, उनको न्योता मिला कि वे आकर भूमि पूजन करें। वे 140 करोड़ जनता के जनप्रतिनिधि हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने उनको जनता के प्रतिनिधि के नाते शिलान्यास करने का जब मौका दिया, तब मोदी जी का जो पूरा आचरण था, इसको ध्यान से देखना चाहिए। वह आचरण आने वाले सैकड़ों सालों तक दुनिया के सामने रहेगा इससे कई लोगों को प्रेरणा भी मिलेगी। हम सब ने, आचार्य गोविंद देव गिरी जी के वक्तव्य को सुना है।

देश के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा।

दृष्टि कोण

# किसानों के हितों का संरक्षण जरूरी

**प्राचीन** भारत की समृद्धि का आधार कृषि ही थी। विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में कृषि का गौरवपूर्ण उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद के सूक्त 34-13 में उल्लिखित है- 'अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित्कृषस्व वित्ते रमस्व बहुमन्यमानः' अर्थात जुआ मत खेलो, कृषि करो और सम्मान के साथ धन पाओ। वहीं कृषि पाराशर-श्लोक-8 में वर्णित है, 'कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।' अर्थात कृषि सम्पत्ति और मेधा प्रदान करती है और कृषि ही मानव जीवन का आधार है, जैसे श्लोकों में कृषि के महत्व को रेखांकित किया गया है। लेकिन इन दिनों भारत का किसान नाराज है तो कई राज्यों में लोग कृषि कार्य छोडक़र अन्य क्षेत्रों में रोजगाररत हैं। इधर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाने सहित 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग को लेकर 13 फरवरी, 2024 से पुनः आंदोलनरत हैं और दिल्ली कूच का आह्वान किया है। उनकी मांगों की सूची में किसानों के लिए पेंशन, ऋण माफी और विश्व व्यापार संगठन से वापसी भी शामिल है। वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा का एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर कहना है कि इसकी इकोनॉमिक फिजिबिलिटी (आर्थिक व्यवहार्यता) का विश्लेषण करने की जरूरत है। बजट 2023 की घोषणाओं को देखें तो केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि केंद्र प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत पूरे वर्ष के लिए 2 लाख करोड़ रुपए वहन करेगा और अब इस योजना को 2028 तक बढ़ा दिया गया है। इस प्रकार देखें तो केंद्र पीएमजीकेएवाई पर 2028 तक 10 लाख करोड़ की राशि खर्च करेगा। जाहिर है केंद्र सरकार को वोट बैंक की राजनीति से परे जाकर किसानों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करने की जरूरत है। कृषि जगत में आम तौर पर किसानों की कुछ समस्याओं पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है, जैसे किसानों के लिए बुनियादी ढांचे का

विकास करना, ऋण तक पहुंच को आसान बनाना, बीमा, कोल्ड स्टोरेज, अनिश्चित जल अधिकार एवं आपूर्ति, पारिश्रमिक आय का अभाव, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और अपर्याप्त परिवहन जैसी सुविधाओं में सुधार आवश्यक है। इतना ही नहीं, 1990 के बाद से भारत में प्रति वर्ष दस हजार से अधिक किसानों के द्वारा आत्महत्या की रपटें दर्ज की गई हैं। भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 और 2014 के बीच कुल 296438 भारतीय किसानों ने आत्महत्याएं की थीं। इनमें से 1995 के बाद से 60750 किसान आत्महत्याएं अकेले महाराष्ट्र राज्य में हुई हैं। किसानों की आत्महत्याओं के आंकड़े किसानों को दरपेश आ रही समस्याओं की तसदीक करते हैं। भारत सरकार ने 1960 और 1970 के दशक में कृषि सुधारों की शुरुआत की थी। उसके बाद भी केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर किसानों के लाभार्थ कई योजनाएं शुरू की जाती रही हैं। जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम किसान मानधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना। वर्तमान में पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत पात्र किसानों को रुपए की प्रत्यक्ष आय सहायता मिलती है और 6000 रुपए प्रति वर्ष तीन समान किश्तों में किसानों को दिया जाता है। इस पर केंद्र सालाना लगभग 66 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसानों के लिए नियमित और टिकाऊ आय सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो। लेकिन एमएसपी की मांग के पीछे तर्क है कि वर्ष 2014 और वर्ष 2015 में लगातार दो सूखे की घटनाओं के कारण किसानों को वर्ष 2014 के बाद से अपनी उत्पादित वस्तुओं की कीमतों में लगातार गिरावट का सामना करना पड़ा है और बाद में विमुद्रीकरण एवं 'वस्तु एवं सेवा कर' ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मुख्य रूप से गैर-कृषि क्षेत्र के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। दूसरे वर्ष 2016-17 के बाद अर्थव्यवस्था में जारी मंदी और उसके बाद कोविड महामारी के कारण अधिकांश किसानों के लिए परिस्थितियां विकट बनी हुई हुई हैं। डीजल, बिजली एवं उर्वरकों के लिए निरंतर बढ़ती उच्च कीमतों ने उनके संकट को और बढ़ाया है। सरकार को अब यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिले, सस्ते दामों पर उर्वरकों की आपूर्ति हो, ताकि किसान कृषि संकट एवं अपनी निर्धनता से निपट सकें। यह सच है कि खेती एक जोखिम भरा कार्य है। फसल बोने से लेकर फसल कटने तक किसानों के समक्ष अनिश्चितता वाली परिस्थितियां बनी रहती हैं, क्योंकि फसलों का उत्पादन पूर्णतः प्रकृति के स्वभाव पर निर्भर करता है।

कुछ अलग

# जिंदगी बदलने की फरियाद

**जब** से जिंदगी से रुखसत लेने का समय करीब आता जा रहा है, हम एक ही बात बार-बार सोचने लगे हैं, कि क्या हमारी इस घडनतख्ता जिंदगी और नामुक्कमल जिंदगी की नाकामयाबी के पीछे यह सच्चाई तो नहीं कि हम किसी भी क्षण जिंदगी के किसी भी आयाम में एक समझौतापरस्त टुकडख़ोर न बन सके? जी हां, जीवन में कामयाब होने के यही दो अचूक मंत्र हैं। पहला तो यह कि सबसे अच्छा लड़ाकू वह जो अपने से तगड़े को देख कर समझौता कर उसकी चरणवंदना कर ले, और अपने से कमजोर के सामने एक ऐसे पहाड़ पर खड़े होने का नजारा पेश करे कि जिसके नीचे कोई सीढ़ी भी नहीं। ऐसे पहाड़ पर वह हमेशा अकेला खड़े रहता है, और अपनी कल्पना में एक ऐसी भीड़ को अपना अनुसरण करते देखता है, उन पर अनुग्रह के फूल बरसाता रहता है। आशीर्वाद की भाषा के चंदोने तानता है, लेकिन अगर उसके ढोल की पोल खोल कोई छीछालेदर करने वाला सामने आ जाए, तो उसके मुखौटे का रंग बदल जाता है। वह विनम्रता की प्रतिमूर्ति बन जाता है और झुक-झुक कर उसे ऐसी कोर्निश बजाता है कि वह दूसरा भूतपूर्व पहाड़ भी उससे लज्जित हो कर अपने अहं ब्रह्मास्मि को गलत अर्थ लगने लगता है। शब्द 'कोर्निश' का क्या अर्थ होता है, बन्धु। भाषा शून्य, बुद्धि वर्जित हमसे बार-बार पूछ लेते हैं। अब उनकी जिज्ञासा का समाधान हम कैसे करें? तब एक और शब्द 'टुक्कडख़ोर' कूद कर किसी मायूस खरगोश की तरह हमारे बीच आकर खड़ा हो जाता है। अपनी मासूमियत के पंजे रगड़ते हुए बता देता है कि बन्धु शेरों की दहाड़ का नहीं, जमाना खरगोशनुमा पुलकन का है, गिलहरी सी फुदकन का है। भूख और बेकारी चाहे कितनी बढ़ जाए, जर्द होते और मुरझाते फूल मुर्दा होती तितलियों के पंखों की तरह बार-बार चेतायें कि बेमौसमी बरसात के विदा होते बादलों के साथ आजकल इन्द्रधनुष नहीं खिलते। अकाल और बेकारी लौट-लौट कर तेरे दरवाजे पर दस्तक देती है और तू विकास दर के आंकड़ों की छलांग पर लौटती लहरों की बांसुरी बजाता है। इस बेसुरी होती दुनिया में संगीत की लहरों पर युग बदलने के क्रांतिनाद नहीं उभरते, टुकडख़ोरों की घिघियाहट पेश-पेश हो जाती है। सुनो अलविदा कह गयी तलाकशुदा भूतपूर्व प्रेमिका की तरह, मौत के हरकारे महामारी का नया मुखौटा पहन कर तेरी जिंदगी में लौट आए हैं। राजधानी की सरहद पर किसान उसी तरह बैठे हैं, अपने फसलों के लिए एक निम्नतम मूल्य की गारंटी की आस लिए, और उधर अपने दया और हमदर्दी के नए पहाड़ से एक और मसीहा ने फरमा दिया, जो तेरा दर्द वह मेरा दर्द। देश मेरे कर रहित बजटों की ओर देखो, इसमें बेकार हाथों को फिर से काम देने की चिंता है, जिन्होंने अपने इलाकों को बेगाने इलाके से अलग कोष्ठकों में फिर बंद कर देने का प्रयास किया है। न्यायाधीश कहते हैं, अजी इन कोष्ठकों पर फिर से विचार कर लो, अपने इलाके के पचहत्तर प्रतिशत लोगों को इसमें बंद कर दोगे, तो केवल पच्चीस प्रतिशत को खुला छोड़ पूरे देश को डिजीटल कैसे बनाओगे? मंगल ग्रह पर पहुंच कर नए ख्वाबों की बस्ती कैसे बसाओगे? लेकिन बन्धु, मंगल ग्रह तक जाने की आवश्यकता क्या है? वहां अपनी धरती जैसा जीवन है या नहीं, इसकी खोज करने चले हो। अरे पहले अपनी धरती के मरते-जीते लोगों को नयी सांसें तो बख्श दो। देखो, इन्हें अपने लिए जिंदा क्षणों के टूटते सपनों की सौगात इन्हें मिली। सपने कह लो या फलसफे कह लो, एक ही बात है। आओ, इनके लिए बाबूडम के प्रतीक सरकारीकरण को धत्ता बता कर निजीकरण के स्वागत के लिए तोरणद्वार सजा दो।

देश दुनीया से

# कोविड ने बदल दी दुनिया, छोटे शहरों का रुख करती जिंदगी

**कोविड** ने दुनिया को बदलकर रख दिया। यह हम सभी जानते हैं कि इससे मानव जीवन की विनाशकारी क्षति हुई, लेकिन इसने एक मौन आंदोलन को भी जन्म दिया, जिस पर ध्यान नहीं दिया गया। लोग बड़े शहरों से छोटे शहरों में स्थानांतरित होने लगे और उन्होंने शांत व धीमी गति वाले जीवन को चुना। मैंने खुद ऐसा किया है, मिलेनियम सिटी गुरुग्राम से मैं एक छोटे घाटी शहर देहरादून में स्थानांतरित हो गई हूं। हालांकि मैं इन दोनों शहरों में आती-जाती रहती हूं, लेकिन अब मैं अपना ज्यादातर समय देहरादून में ही बिताती हूं, जो एक छोटा अनोखा शहर है और शैक्षणिक संस्थानों, सेना और सेवानिवृत्त लोगों का प्रमुख केंद्र भी है। यहां जिंदगी की रफ्तार थोड़ी धीमी है, लेकिन हवा अपेक्षया साफ है। कोविड के दौरान, विशेष रूप से डेल्टा वायरस की लहर के समय, जब अस्पतालों में बिस्तर और ऑक्सीजन की कमी हो गई थी, लोगों ने यह सोचना शुरू कर दिया था कि बड़े शहरों में रहने के नुकसान ज्यादा हैं। सामान्य दिनों में लंबा ट्रैफिक जाम, वायु गुणवत्ता की बदतर स्थिति, चरम मौसमी स्थितियां और व्यस्त व आक्रामक सामाजिक माहौल ऐसी चीजें हैं, जो लोगों को बड़े शहरों से दूर कर रही हैं। कोविड काल के बाद प्रचलित मिश्रित कार्य-संस्कृति का मतलब यह भी है कि जो लोग खर्च उठाने में सक्षम हैं, वे तेजी से स्थानांतरित हो रहे हैं। चाहे राजमार्गों का विकास हो या उड़ान योजना, पिछले दस वर्षों में बढ़ी कनेक्टिविटी ने भारत को आपस में अधिक जोड़ा है।

इसके साथ ही इंटरनेट ने भी दूरियां कम की हैं। और यह सब इतनी तेजी से बदला है कि हैरानी होती है। एक दशक पहले जब मैं टीवी बहस में शामिल होती थी, तो कैमरामैन, लाइटमैन और साउंडमैन के साथ एक बड़ी ओबी वैन आती थी। वे लोग मेरे घर में लाइट और कैमरा लगाते थे, मुझे लाइव टीवी स्टूडियो से जोड़ते थे। आज मैं चाहे दुनिया में कहीं भी रहूं, जूम के माध्यम से टीवी बहस में शामिल हो सकती हूं। यह एक ऐसा बदलाव है, जो मैंने अपनी आंखों से देखा है। अस्तित्व के संकट और परिस्थितिवश मजबूरी में लोग बड़े शहरों में रहने के लिए बाध्य होते थे, लेकिन अब कई लोग ऐसी बाध्यता महसूस नहीं करते हैं। देहरादून में मेरे अपार्टमेंट में एक नई बात यह है कि यहां बहुत से वरिष्ठ नागरिक हैं, लेकिन तीस से चालीस की उम्र के लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जो बड़े से छोटे शहरों में शहरी परिप्रेक्ष्य लेकर आए हैं और साथ ही संतोष की हवा भी। भारत में हुए तीव्र विकास से उन लोगों के लिए छोटे शहरों में रहना आसान हो गया है, जो बड़े शहरों में रहने के आदी हैं। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं में भी काफी सुधार हुआ है। जीवन-शैली में बदलाव अब उतना कठोर नहीं रह गया है, जितना पहले माना जाता था। असल में जीवन-यापन की लागत सस्ती हो गई है और पैसे के लिहाज से अचल संपत्ति का मूल्य बढ़ गया है। शिक्षा के प्रचुर अवसर हैं और सार्वजनिक परिवहन सुविधाजनक है। मेरे बचपन में दिल्ली से देहरादून पहुंचने में रुकते हुए सात से नौ घंटे लगते थे, लेकिन अब मुश्किल से चार घंटे लगते हैं तथा इसमें और कमी होने वाली है। गुरुग्राम से जयपुर मात्र तीन घंटे दूर है और बीस साल पहले गाड़ी से इतनी दूरी तय करने में पांच घंटे लगते थे। छोटे शहर सामाजिक रूप से घुलने-मिलने के भी काफी अवसर प्रदान करते हैं, लोगों के पास काफी समय होता है और वे एक-दूसरे का साथ ढूंढते हैं। बड़े शहरों, जहां मानव अस्तित्व एक निश्चित संकीर्णता में घिर गया है, के विपरीत देश के छोटे शहरों और कस्बों में समुदाय की अवधारणा अब भी काफी जीवित है। जब यह सदी शुरू हुई होगी, तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि भारत के लोग छोटे शहरों में जाना चाहेंगे, लेकिन आज हम छोटे शहरों की तरफ रुख कर रहे हैं। जीवन की गुणवत्ता, यात्रा में आसानी और ई-कॉमर्स-इन सबने इस बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया है। अब चुनौती यह है कि छोटे शहरों की गुणवत्ता बनाकर रखी जाए और इन्हें शहरी फैलाव न बनने दिया जाए। विवेकपूर्ण शासन से ऐसा संभव है। इसके अलावा यह प्रवासन भारतीयों की प्राथमिकता और मूल्यों में ठोस बदलाव को भी दर्शाता है, जो इस पारंपरिक आख्यान को चुनौती देता है कि सफलता महानगरीय जीवन का पर्याय है। भारत के लोगों में आत्मबोध और सांस्कृतिक जागरूकता का विकास तेजी से हो रहा है। पश्चिमी जीवन-शैली का अंधानुकरण थम गया है और लोगों ने उस जीवन-शैली की विफलता को पहचान लिया है। समुदाय और परिवार पर ध्यान केंद्रित करने वाली भारतीय जीवन-शैली ऐसी समृद्धि लाती है, जिसकी गणना नहीं की जा सकती।

कोविड के दौरान, विशेष रूप से डेल्टा वायरस की लहर के समय, जब अस्पतालों में बिस्तर और ऑक्सीजन की कमी हो गई थी, लोगों ने यह सोचना शुरू कर दिया था कि बड़े शहरों में रहने के नुकसान ज्यादा हैं। सामान्य दिनों में लंबा ट्रैफिक जाम, वायु गुणवत्ता की बदतर स्थिति, चरम मौसमी स्थितियां और व्यस्त व आक्रामक सामाजिक माहौल ऐसी चीजें हैं, जो लोगों को बड़े शहरों से दूर कर रही हैं। कोविड काल के बाद प्रचलित मिश्रित कार्य-संस्कृति का मतलब यह भी है कि जो लोग खर्च उठाने में सक्षम हैं, वे तेजी से स्थानांतरित हो रहे हैं। चाहे राजमार्गों का विकास हो या उड़ान योजना, पिछले दस वर्षों में बढ़ी कनेक्टिविटी ने भारत को आपस में अधिक जोड़ा है।

आप का नजरीया

# मेयर पर 'सुप्रीम फैसला'

**देश** में सर्वोच्च अदालत और उसके जरिए न्यायपालिका जब तक जिंदा हैं, तब तक इंसाफ जरूर मिलेगा। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव पर सर्वोच्च न्यायिक पीठ ने जो न्याय किया है, वह ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च अदालत ने, चुनाव जैसे मुद्दे पर, जिस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है, वह अभूतपूर्व है। यह ऐसा फैसला है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। न्यायपालिका ने लोकतंत्र और उसमें निहित जन-शक्ति को बचाकर मिसाल कायम की है। वोट की लूट नहीं मचाई जा सकती और न ही चुनाव प्रक्रिया में धांधलियां कामयाब हो सकती हैं। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले के जरिए यह संदेश पूरे देश को दिया है। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को 'कदाचार' का दोषी भी करार दिया गया है। अब उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा और 3 से 7 साल तक की सजा भी दी जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों ने पहली बार अदालत में ही किसी चुनाव के वोट जांचे और नतीजा घोषित किया। न्यायाधीशों ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की प्रक्रिया को धोखाधड़ी से नाकाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां असाधारण स्थितियां बनती हैं, वहां अदालत को दखल देना पड़ता है, ताकि बुनियादी जनादेश को संरक्षित किया जा सके। अनुच्छेद 142 

## हिमंत विश्व शर्मा सरकार असम के असल मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती हैं : डॉ. एसटी हसन

**मुरादाबाद ( हिंस )।** असम की हिमंत विश्व शर्मा सरकार के मुसलमानों द्वारा विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने के पीछे मूल कारण असम के असल मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। यह बातें शनिवार को समाजवादी पार्टी संसदीय दल के नेता और मुरादाबाद लोकसभा से सांसद डॉ. एसटी हसन ने एक निजी टीवी चैनल को इंटरव्यू देने के दौरान कहीं। असम सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में मुसलमानों के विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने के फैसले पर सपा सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि सरकार कानूनों में बदलाव कर रही है। लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। मुसलमान शरिया और कुरआन के हिसाब से ही चलेगा। हम हजारों वर्षों से इन कानूनों को मानते आ रहे हैं और आगे भी मानते रहेंगे।

# कांग्रेस को समाप्त करने में लगे हुए हैं राहुल गांधी : मनोहर लाल

### मुख्यमंत्री बोले, 10 मार्च के बाद हो सकती है लोकसभा चुनाव की घोषणा

**कैथल ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर शनिवार को भाजपा के कपिल कमल कार्यालय में पहुंचे। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी से आए नेताओं को मंच पर भाजपा का पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया। मुख्यमंत्री ने पूंडरी के पूर्व विधायक दिनेश कौशिक, आम आदमी पार्टी के नेता राम प्रताप गुप्ता,महंत राजेंद्र गिरी व पूर्व डीजीपी बीएस सिंधु को पटका पहनकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज बनाकर और दूसरे नेताओं ने गांधी जी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों को भगाया। अंग्रेजों के जाने के बाद गांधी जी ने कहा था अब

कांग्रेस का लक्ष्य पूरा हो चुका है। अब कांग्रेस को समाप्त कर देना चाहिए। उस समय उनके विचार दूसरा था कि अब देश की जनता को सोचना चाहिए कि वह देश को कैसे चलाएगी। अब एक ही परिवार ने देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया और कब्जा छोड़ा नहीं। इसके बाद 1951 में जनसंघ का गठन इस लिए हुआ कि सरकार पर लगाम लगाने के लिए एक मजबूत विपक्ष का भी होना जरूरी है। इससे पहले सरकार माने कांग्रेस और कांग्रेस माने सरकार होता था। पहली बार जनसंघ के तीन सांसद चुनकर आए तब लोगों को पता लगा कि देश में कांग्रेस के अलावा कोई दूसरी सरकार भी बन सकती है। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि अब की बार देश में भारतीय जनता पार्टी ने 370 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। एनडीए ने 400 पार का लक्ष्य तय किया है। जो कार्यकर्ताओं की मेहनत से संभव है। देश में 10 मार्च के बाद कभी भी लोकसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसलिए हर कार्यकर्ता अपना लक्ष्य तय करके भाजपा को 370 सीट जीतने के लक्ष्य को पूरा करने में जुट जाए। इस मौके पर सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन करने वाला युवक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** जिले के झरौखर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया। झरौखर थानाध्यक्ष शिवनाथ मांझी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच के बाद झरौखर थाना क्षेत्र के विशुनपुर डमहार चौक पर छापेमारी कर उक्त युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया पकड़े गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी जहूर अंसारी के पुत्र साजिद अंसारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मांझी ने बताया कि पकड़े गए उक्त युवक ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर हथियार के साथ अपनी फोटो वायरल किया था। पुलिस ने उसकी पहचान करते हुए हथियार के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक को आर्म्स एक्ट अधिनियम के तहत करवाई करते न्यायिक हिरासत में जेल भेज जा रहा है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष के आलावा एसआई व सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## पाकिस्तानी विस्थापित के बैंक खाते से लाखों का लेन देन कर धोखाधड़ी

**जोधपुर ( हिंस )।** पाकिस्तान से चौदह साल पहले आकर यहां बसे पाक नागरिक से स्थानीय व्यक्ति ने विश्वास में लेकर बड़ी धोखाधड़ी करते हुए उसके बैंक खाते का गलत उपयोग कर डाला। पीड़ित को तमिलनाडु पुलिस को नोटिस मिला तो उसका माथा ठनका। पाक नागरिक यहां कपड़े का कारोबार करता है। अब आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। पाक विस्थापित हाल डीपीएस चौराहा निवासी सुनीलराम पुत्र जगरूप की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह पाकिस्तान से वर्ष 2010 में भारत आया था, बाद में यहां पर बस गया। जोधपुर में डीपीएस चौराहा के पास में उसने अपने एक कपड़े की दुकान श्री बालाजी कलेक्शन के नाम से खोल रखी है। उसके पड़ौस में ही मोतीराम नाम का एक शख्स दुकानदारी करता है। जिसका एक रिश्तेदार चांदणा भाखर जोशी कॉलोनी निवासी देवेंद्र कुमार का आना जाना रहता था। इस कारण देवेंद्र से उसकी भी जान पहचान हो गई। बाद में देवेंद्र उससे रुपए उधार लेता और देता था। उसका व्यवहार अच्छा होने से काफी घनिष्टता बढ़ गई। देवेंद्र के सहयोग सुनीलराम ने एक निजी बैंक में खाता खुलवाया गया था। इसके बाद गत साल देवेंद्र ने कहा कि वह बिजनैस के लिए रुपए चाहते है और उसका खाता यूज लेना चाहता है। विश्वास करते हुए सुनीलराम उसे अपने बैंक के चालू खाता संबंधी जानकारी देने के साथ लेन देन का कह दिया। उसे खाता संबंधी जानकारी गल साल 22 सितंबर को दी गई थी। जिसके बाद देवेंद्र ने उसके बैंक खाते का यूज लेते हुए लेन देन करने लगा। अभी हाल ही में तमिलनाडु पुलिस का नोटिस सुनीलराम को मिला कि उसके बैंक खाते से बड़ा फ्रॉड लेनदेन हुआ है। रिपोर्ट में आरोप है कि चांदणा भाखर जोशी कॉलोनी निवासी देवेंद्र द्वारा उसके बैंक खाते का गलत इस्तेमाल करते हुए बड़ा फ्रॉड किया गया है। मामले में बोरानाडा पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री के हाथों संस्कृत विद्यार्थियों का पुरस्कृत होना हर्ष की बात

**वाराणसी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएचयू में काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया था। इसको लेकर संस्कृत भाषा के आचार्यों और विद्वानों में हर्ष व्याप्त है। विद्वानों ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार भी जताया है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि बीएचयू में काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेताओं में पुरस्कार वितरित करना उनके संस्कृत के प्रति श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। भारत विश्व गुरु संस्कृत और सनातन धर्म संस्कृति की बदौलत ही रहा है।

## उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की गाड़ी के आगे छात्रा ने लगाई छलांग

**पटना ( हिंस )।** राजधानी के गांधी मैदान स्थित बिस्कोमान भवन के पास उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की गाड़ी के आगे एक छात्रा ने शनिवार को छलांग दी, जिससे वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। गाड़ी के चालक ने तुरंत ब्रेक लगा दी और हादसा टल गया। इसके बाद सम्राट चौधरी गाड़ी से बाहर निकले तो देखा कि छात्रा फूट-फूट कर रो रही थी। वहां मौजूद छात्र चीख-चीख कर कह रहे थे कि सर एक मौका दे दीजिए। छात्र-छात्राओं का कहना था कि एसटीईटी परीक्षा नहीं लिए जाने के कारण टीआरई की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं। इसलिए उन्हें मौका दिया जाए। गांधी मैदान के पास एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी लौट रहे थे। इस बीच बिस्कोमान भवन के पास उनके कारकेड को देख प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की। इस दौरान एक छात्रा डिप्टी सीएम की कार के सामने छलांग लगा दी। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सम्राट चौधरी गाड़ी से नीचे उतरे और छात्रा का हालचाल जाना। वहां मौजूद अन्य छात्र-छात्राओं ने अपनी परेशानी उन्हें बतायी। डिप्टी सीएम ने आश्वासन दिया कि सरकार उनके मामले को देखेगी।

## मोदी-मनोहर सरकारों में आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे किसान : सुखविंदर श्योराण

**फरीदाबाद ( हिंस )।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुखविंदर श्योराण ने कहा कि कांग्रेस ने 54 सालों के शासनकाल के दौरान देश को लूटने का काम किया है। देश की सत्ता में सबसे ज्यादा समय तक काबिज रही कांग्रेस ने कभी किसानों की सुध नहीं ली, लेकिन केंद्र की मोदी व मनोहर सरकार ने दस वर्षो के शासनकाल के दौरान किसानों के हितों में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं। वे शनिवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव जवां में आयोजित जन-आर्शीवाद रैली में बोल रहे थे। रैली में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी मौजूद रहे। सुखविंदर श्योराण ने कहा कि देशभर में हरियाणा पहला ऐसा राज्य है, जहां मोदी-मनोहर की सरकार किसानों की 14 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)

पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल ने हरियाणा में नहरों का निर्माण तो करवा दिया, लेकिन प्रदेश की 223 टेल तक पानी नहीं पहुंचा, वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद मनोहर सरकार ने दस वर्षो के दौरान प्रदेश की प्रत्येक टेल तक पानी पहुंचाने का काम किया, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है। इस मौके पर रैली के संयोजक डॉ. बलदेव अलालवपुर ने मंच से रैली में पहुंची सरदारी को नमन करते हुए कहा कि उनके एक बुलावे पर इतनी बड़ी तादाद में आए लोगों ने यह जतला दिया कि वह उनसे कितना स्नेह करते है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकारें हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे है, दस वर्षो के कार्यकाल के दौरान इन सरकारों ने देश व प्रदेश को विकास की नई बुलंदियों तक पहुंचाया है और आज हर वर्ग सरकार की नीतियों से लाभान्वित हो रहा है। इस अवसर पर पूर्वमंत्री सुभाष कत्याल, तेवतिया पाल के प्रधान बिजेंद्र तेवतिया, पलवल भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, सोहनपाल छोकर, सुखबीर मलेरना, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्म चौधरी, बेगराज यादव, जैजू ठाकुर, कुशल गौड़, डॉ. यशपाल मवई, वीरेंद्र शर्मा, सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गोवंश संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि स्वस्थ पशुधन के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। इसी क्रम में हमारी सरकार ने मोबाइल वेटनरी इकाइयों (हैल्पलाइन नंबर 1962) की शुरुआत की है। इसके माध्यम से पशुओं को शीघ्र चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध होगी और प्रदेश के पशुपालक समृद्ध होंगे। शर्मा शनिवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मोबाइल वेटनरी इकाइयों के लोकार्पण पर आयोजित समारोह में भाग ले रहे थे। उन्होंने 21 मोबाइल वेटनरी इकाइयों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अतिरिक्त प्रदेश में जिला स्तर पर आयोजित समारोहों में 159 इकाइयों का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक एक लाख पशुओं पर एक मोबाइल वेटनरी यूनिट कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कॉल सेंटर की स्थापना भी की जाएगी, जो पशुओं के सामान्य रोगों के उपचार के लिए टेलिमेडिसन व्यवस्था एवं पशु प्रबंधन, पोषण आदि के लिए

सलाह भी देगा। कॉल सेंटर के माध्यम से पशुओं का आपात स्थिति में प्राथमिकता से उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार कृषक कल्याण एवं पशुपालकों के हित में दूरगामी निर्णय कर रही है। सरकार ने अपने पहले बजट में ही गोवंश संरक्षण के लिए शेड, खेली का निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपए तक ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विधिवत तरीके से गौ पूजन कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में मोबाइल वेटनरी इकाइयों द्वारा पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर पशुपालकों को लाभान्वित भी किया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में एक मोबाइल वेटनरी यूनिट के लिए एक पशु चिकित्सक, एक तकनीकी पशु चिकित्साकर्मी एवं एक ड्राइवर कम पशु परिचारक होंगे। इससे लगभग 1600 तकनीकी व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद रामचरण बोहरा एवं सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कैलाश वर्मा, गोपाल शर्मा एवं बालमुकुन्दाचार्य सहित पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस, आम आदमी पार्टी का एजेंडा देश में अराजकता लाना : पूनिया

**जोधपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि आम आदमी और कांग्रेस गठबंधन का एजेंडा देश में अराजकता लाना है। उनकी कोई नीति नहीं, दृष्टि नहीं और कोई योजना नहीं है और ना ही कोई व्यवहार है। वे शनिवार को जोधपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पूनियां ने कहा कि देश में मोदी सरकार ने किसानों के लिए जो काम किए है उसकी झलक इस संगोष्ठी में देखी गई है। आम आदमी और कांग्रेस के गठबंधन को उन्होंने जमकर कोसा। कहा कि- ना उनकी कोई नीति है और ना कोई व्यवहार है और ना ही कोई दृष्टि है। कुल मिलाकर देश में अराजकता कैसे हो यह उनका एजेंडा है। लेकिन जनता उनकी हकीकत जानती है। समय आने पर उनका नकाब उतार देगी। किसान आंदोलन के एक सवाल पर पूनियां ने कहा कि जो सच्चाई है वह देश के सामने आ गई है। इस देश के लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी है मगर उसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं है। भारत सरकार ने एक नहीं कई बार बातचीत की कोशिश की है। अंतिम समाधान टेबल पर बातचीत से ही संभव है। पूनियां ने कहा कि एमएसपी, सवा लाख का बजट, प्रधानमंत्री समान निधि जितने नैनो यूरिया से लेकर सभी सुविधाएं किसानों को दे रखी है। वाजपेयी से लेकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी सरकारें है जिन्होंने किसानों को आजादी के बाद इतनी सहूलियतें दी है। पूनियां ने कहा कि भारत में राजनीतिक चिंतक हुए थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वो कहते थे, हर हाथ को काम हर पेट को रोटी हर खेत को पानी। इस लिए दुनिया में जितने नवाचार हुए खेती को लेकर या सिंचाई को लेकर उसमें बड़ी क्रांति है, सिंचाई में बूंद-बूंद सिंचाई। पर ड्रोप मोर ड्रोप इस स्लोगन के साथ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ने इस देश के प्रदेश के किसानों के जीवन बदलने का काम किया है। उन्होंने शोधार्थी अनामिका द्वारा किए गए कृषि शोध पर कहा कि खेती को लेकर शोध प्रकाशित किया है। देश में मोदी सरकार ने किसानों के लिए जो काम किए है उसकी झलक इस संगोष्ठी में देखी गई है।

## हेमंत सोरेन को जेल भेजने में ईडी मात्र चेहरा, इसके पीछे केंद्र सरकार की साजिश : झामुमो

**रांची ( हिंस )।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 10वें दिन शनिवार को चतरा जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर चतरा जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने कहा कि हेमंत सोरेन को बहुत दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा है। बेवजह कोई ठोस साक्ष्य नहीं होने पर भी उनको जेल भेजा गया। ईडी तो चेहरा है। इसके पीछे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश है। झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को हेमंत सोरेन आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे। पहली बार कोई सरकार गांव-गांव तक सभी के दरवाजे तक पहुंची है। आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ा विरोधी केंद्र की भाजपा सरकार को यहीं बात नहीं पची कि हिमंत सोरेन सभी को हक अधिकार दिला रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हिमंत सोरेन को लगातार केंद्र की ओर से प्रताड़ित करने के विरोध में बापू वाटिका के समक्ष चल रहे उपवास कार्यक्रम का आज 10वां दिन है और आज चतरा जिला से कार्यकर्ता आए हैं। केंद्र की तानाशाही का हम विरोध तब तक करते रहेंगे जब तक हेमंत सोरेन को न्याय नहीं मिलता है।

## हिजबुल और लश्कर से जुड़े चार नार्को आतंकी तस्करों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर ( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को हंदवाड़ा और कुपवाड़ा जिले में हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार नार्को आतंकी तस्करों की संपत्तियां कुर्क कीं हैं। संपत्तियों को नार्को टेरर मॉड्यूल जांच के हिस्से के रूप में जब्त किया गया है। हंदवाड़ा में चारों आरोपितों की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। एजेंसी ने यूएपीए की धारा 25 के तहत कुल 2.27 करोड़ रुपए नकद भी जब्त किए हैं। कुर्क की गई अचल संपत्तियों में एक बार आरोपी अफाक अहमद वानी का दो मंजिला घर, आरोपी मुनीर अहमद पांडे के नाम पर एक मंजिला आवास, तीसरे आरोपी सलीम अंद्राबी की संपत्ति और इस्लाम उल हक का दो मंजिला घर शामिल है। मामले में अब तक कुल 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एनआईए ने 15 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। यह मामला हंदवाड़ा और कुपवाड़ा क्षेत्रों में सक्रिय लश्कर और हिजबुल द्वारा नापाक आतंकवादी गतिविधियों को वित्त पोषित करने के लिए मादक पदार्थों की आय के उपयोग से संबंधित है। हंदवाड़ा के लंगेट इलाके में वाहनों की जांच के दौरान एक काले बैग और बड़ी संख्या में 500 मूल्यवर्ग के भारतीय मुद्रा नोटों की बरामदगी के बाद मामला दर्ज किया गया था। यह बरामदगी बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की सफेद क्रेटा कार से की गई। कार के ड्राइवर अब्दुल मोमिन पीर से प्रारंभिक पूछताछ में नार्को-आतंकवादी सांठगांठ का खुलासा हुआ, जिसके बाद विस्तृत जांच शुरू हो गई। घरों की प्रारंभिक तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी सहित विभिन्न आपत्तिजनक सामग्रियों के अलावा 21 किलो हेरोइन जब्त की गई थी।

## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की सीबीआई जांच हो : प्रियंका गांधी

**मुरादाबाद ( हिंस )।** युवाओं की ताकत के सामने यूपी सरकार को झुकना पड़ गया, अंततः आज यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द करना ही पड़ा। उप्र में हर परीक्षा का पेपर लीक होना भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार का सबूत है। इस पुलिस भर्ती परीक्षा की सीबीआई जांच हो, जांच में जो भी असल दोषी हो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यह बातें कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मुरादाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि उप्र सरकार

आज सुबह तक पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक को फर्जी झुठलाने की कोशिश में लगातार भ्रम फैलाने वाली बयानबाजी करती रही। पहले माना ही नहीं कि पेपर लीक हुआ। फिर छात्रों और अध्यापकों को धमकाने-डराने की कोशिश भी की गई। जब युवाओं की शक्ति के सामने इनका झूठ नहीं टिका तो आज परीक्षा रद्द कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के प्रति नहीं, बल्कि अपनी छवि और परीक्षा माफिया को बचाने के प्रति गंभीर है। सरकार जल्द से जल्द नई तारीख की घोषणा करे और सुनिश्चित करे कि इस बार पेपर लीक नहीं होगा।

## सामाजिक समरसता के प्रणेता संत रविदास की मनाई गई जयंती

**भागलपुर ( हिंस )।** सैनिक स्कूल गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में शनिवार को भारत के महान संत रविदास की जयंती मनाई गई। जयंती प्रमुख उत्तम कुमार मिश्र, कुमारी सविता, संजीव कुमार मिश्रा एवं विद्यालय के छात्रों के द्वारा संयुक्त रूप से संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि कर जयंती का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि जयंती के माध्यम से छात्र संत रविदास के उदारवादी सोच, सामाजिक समरसता का भाव ईश्वर के प्रति भक्ति भावना कर्तव्य निष्ठा एवं कर्म के प्रधानता के महत्व को समझते हुए छात्र उनके आदर्श जीवन से अपना नैतिक गुणों का विकास करते हैं। मौके पर संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि संत रविदास का जीवन एवं उनके आदर्श आज के दौर में सभी को जानन आवश्यक है। सामाजिक समरसता के प्रणेता एवं महान विचारक तथा जातिगत भेदभाव को दूर करने वाले संत रविदास का संघर्ष में जीवन की जानकारी छात्रों में अवश्य होनी चाहिए। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा भी उनके जीवन एवं आदर्शों को प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा एवं सभी छात्र उपस्थित थे।

## उप्र सरकार का पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द करने का निर्णय अभ्यर्थियों के हित में : अभाविप

**प्रयागराज ( हिंस )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, काशी प्रांत अभ्यर्थियों के हित में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को रद्द किए जाने के निर्णय का स्वागत करती है। इसके साथ ही आरओ-एआरओ परीक्षा में पेपर लीक संबंधी आरोपों की जांच कर जल्द स्थिति को स्पष्ट करने की मांग करती है। अभाविप काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस वर्ष आयोजित हुई दो प्रमुख परीक्षाओं में पेपर लीक की बात सामने आना बेहद चिंताजनक है। प्रदेश सरकार को इस प्रकार की चीजों को रोकने हेतु कड़े प्रबंध करने की आवश्यकता है। आज प्रदेश सरकार द्वारा अभ्यर्थियों की मांग पर पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द किया जाना अभ्यर्थियों के हित में है।

## माघी पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**भागलपुर ( हिंस )।** माघी पूर्णिमा को लेकर भागलपुर के विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आज सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भागलपुर सहित आसपास के कई जिलों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे। बरारी सीढ़ी घाट, सखीचंद्र घाट, मुसहरी घाट, पुल घाट, माणिक सरकार घाट, कहलगांव का बटेश्वर घाट और सुल्तानगंज का अजगैबीनाथ गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद पूजा पाठ कर परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान एक महिला श्रद्धालु अपने साथ भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप को अपना बेटा मानते हुए गंगा स्नान कराने पहुंची। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि माघी की पूर्णिमा में स्नान करने से काफी संतुष्टि मिलती है और फल भी प्राप्त होता है। इसलिए माघी पूर्णिमा में हम लोग गंगा स्नान करने आए हैं। उल्लेखनीय है कि सनातन संस्कृति में माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का विशेष महत्व है। आज के

दिन गंगा स्नान करने से साधकों को शुभ फल की प्राप्ति होती है। उधर सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम में माघी पूर्णिमा को लेकर बिहार और झारखंड के शिव भक्तों ने उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाई। माघी पूर्णिमा के महत्व के बारे में अजगैबीनाथ के महंत प्रेमानंद गिरी ने बताया कि आज के दिन गंगा स्नान करने से सारे पापों का नाश होता है। बाबा भोलेनाथ के तिलकोत्सव का महत्व होने पर कांवरिया अजगैबीनाथ उत्तर वाहनी गंगा से जल लेकर देवघर बाबा भोलेनाथ को जल चढाकर महाशिवरात्रि में शिव और पार्वती विवाह करते हैं। इसलिए बिहार और झारखंड के शिव भक्त अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाने पहुंचते है। आज पूरा अजगैबीनाथ धाम बोल बम, हर हर महादेव के नारों से गुंजयमान हो गया।

# पीएम ने पैक्स के 11 गोदामों का किया शुभारंभ; 500 की नींव रखी, बोले- सहकार से समृद्धि के रास्ते पर बढ़ रहे

**नई दिल्ली ।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैक्स के 11 गोदामों का शुभारंभ किया। इसके साथ ही पीएम ने 500 पैक्स में भंडारण के लिए गोदामों के निर्माण की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमने अपने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्टोरेज स्कीम शुरू की है। इसके तहत देश के कोने-कोने में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज 18000 पैक्स भी कम्प्यूटरीकृत हैं। ये सभी संसाधन देश में कृषि के बुनियादी ढांचे को विस्तार देंगे और कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत मंडपम विकसित भारत की अमृत यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा, सहकार से समृद्धि- देश के इस संकल्प को सिद्ध करने में हम और आगे बढ़ रहे हैं। कृषि और खेती की नींव को मजबूत करने में सहयोग की शक्ति बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। इसी सोच के साथ हमने अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने कहा था कि दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं लेकिन गांव तक सिर्फ 15 पैसा ही पहुंचता है, 85 पैसा गायब हो जाता है। जबकि पिछले 10 वर्ष में भाजपा सरकार ने 34 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में सीधा भेजा है। अगर कांग्रेस सरकार होती तो 34 लाख करोड़ में से 29 लाख करोड़ रुपये रास्ते में ही बिचौलिया चबा जाता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज गरीबों का पैसा लूटने वालों पर सख्त कार्रवाई हो रही है। गरीबों का जो पैसा लूटने से बचा है, वही पैसा गरीब कल्याण में काम आ रहा है। मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, गरीबों का पक्का घर, हर घर जल, शौचालय, सस्ती दवाएं, घर घर गैस कनेक्शन... ये सारे काम हो रहे हैं। मोदी हर घर को सूर्य घर बनाना चाहता है। मोदी हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वही बिजली बेचकर कमाई का एक और साधन देना चाहता है। इसी उद्देश्य के साथ हमने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने सरकारें बार-बार बनाईं लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गई। क्योंकि उनके मन में सरकार बनाना ही था, देश को आगे बढ़ाना उनका एजेंडा ही नहीं था। आज भी कांग्रेस की दशा और दिशा यही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेबी सदस्य ने शेयर बाजार में हेरफेर को बताया बड़ा खतरा, कहा- इससे निपटने में मदद करें ब्रोकर

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने पूंजी बाजार में हेरफेर को लेकर लोगों को आगाह किया। साथ ही ब्रोकरों से ऐसी घटनाओं पर नजर रखने और उन्हें रोकने की अपील की। सेबी इस तरह की गड़बड़ियों करने वाली कई संस्थाओं के खिलाफ एक्शन भी ले रही है। इन गड़बड़ियों में फ्रंट रनिंग जैसी एक्टिविटीज भी शामिल हैं। फ्रंट रनिंग असल में एक अवैध चलन है, जहां कोई इकाई अपने ग्राहकों को जानकारी उपलब्ध कराने से पहले ब्रोकर या एनालिस्ट से अडवांस जानकारी के आधार पर व्यापार करती है। यह भारत में गैरकानूनी है, क्योंकि इससे कीमतों को गलत तरीके से प्रभावित किया जाता है। वार्ष्णेय ने जोर देते हुए कहा कि हमारी इंडस्ट्री में भरोसे पर कारोबार होता है, इसलिए निवेशकों के भरोसे की अहमियत सबसे अधिक है। अगर निवेशकों का भरोसा खत्म हो गया, हमारी पूरी इंडस्ट्री चौपट हो जाएगी। वार्ष्णेय ने कहा कि यह जाहिर सी बात है कि पूंजी बाजार में हेराफेरी चल रही है और सेबी अकेले इन सबको नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ ब्रोकरेज भी शामिल हैं और ब्रोकरेज कम्युनिटी को ही उन पर नजर रखनी चाहिए, उनका भंडाफोड़ करना चाहिए। वार्ष्णेय ने जोर दिया कि सिस्टम में जो बुरे तत्व आ गए हैं, वे पूरे ब्रोकरेज कम्युनिटी की साख के लिए खतरा हैं। वार्ष्णेय दिल्ली एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया के 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थाओं को दक्षता के साथ-साथ व्यवसाय में सुधार के लिए तकनीकी विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रतिभूति बाजार के लिए नियम-कानून बनाने और निवेशकों के हितों की रक्षा करने वाली संस्था है। इसकी स्थापना 1992 में हुई थी और इसका मुख्यालय मुंबई में है। सेबी यह तय करता है कि प्रतिभूति बाजार में सभी गतिविधियां पारदर्शी और निष्पक्ष हों।

### कई राज्यों में बढ़े पेट्रोल और डीजल के भाव

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल में तेजी के बाद ऊपरी स्तरों से गिरावट देखने को मिली है। ब्रेंट क्रूड एक फीसदी टूटकर 82.76 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। इस बीच देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के नए भाव जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन की कीमतों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में ईंधन की कीमतें घटी हैं। वहीं पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और केरल में पेट्रोल-डीजल के भाव में हल्की बढ़ोतरी देखी जा रही है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97.00 रुपये और डीजल 89.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.42 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपये और डीजल 89.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

### टोयोटा ने 269 लैंड क्रूजर 300 वापस मंगाईं

**नई दिल्ली ।** टोयोटा किर्लोस्कर अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) टोयोटा लैंड क्रूजर 300 की 269 गाड़ियां वापस मंगा रही है। वाहन कंपनी ने बयान में कहा कि वह 12 फरवरी, 2021 से एक फरवरी, 2023 के बीच बने मॉडल को वापस मंगा रही है। इसमें कहा गया कि मॉडल में ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन ईसीयू सॉफ्टवेयर को दोबारा प्रोग्राम करने के लिए वापस मंगाया जा रहा है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि फिलहाल प्रभावित हिस्से से जुड़ा कोई मामला सामने नहीं आया है।

# आईएमएफ पाकिस्तान में नई सरकार के साथ काम करने को तैयार, इमरान खान की मांग पर साधी चुप्पी

**नई दिल्ली ।**
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की इस मांग पर चुप्पी साधते हुए कहा है कि वह नई सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांग की थी कि नकदी की तंगी से जूझ रहे देश के लिए किसी नए ऋण की मंजूरी देने से पहले उसे पहले चुनाव परिणामों का ऑडिट कराना चाहिए। किस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पत्र लिखकर मांग करेंगे कि वाशिंगटन स्थित संस्था पाकिस्तान को अपना समर्थन देना बंद कर दे। पाकिस्तान में उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी चुराए हुए जनादेश के साथ गठबंधन सरकार बनाने के कगार पर हैं। 71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री का जेल से संदेश बैरिस्टर अली जफर के माध्यम से पहुंचा, जिन्होंने उनसे रावलपिंडी की अदियाला जेल में मुलाकात की, जहां वह भ्रष्टाचार और अन्य मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल से कैद हैं। आईएमएफ के संचार विभाग की प्रमुख जूली कोजैक ने देश में आठ फरवरी के चुनाव के नतीजों पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान के मांग पर चुप्पी साधते हुए कहा कि आईएमएफ पाकिस्तान की नई सरकार के साथ देश के लिए व्यापक आर्थिक स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने की नीतियों पर बातचीत करने को लेकर उत्सुक है। वाशिंगटन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के सभी नागरिकों की समृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की नीतियों पर नई सरकार के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। पाकिस्तान के वित्तीय हालात के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान सरकार ने आर्थिक स्थिरता बनाए रखी थी। उन्होंने कहा, यह सामाजिक सुरक्षा नेट की रक्षा करते हुए राजकोषीय लक्ष्यों के सख्त पालन के माध्यम से किया गया है। यह मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और विदेशी मुद्रा भंडार का निर्माण जारी रखने के लिए एक सख्त मौद्रिक नीति रुख बनाए रखने के द्वारा किया गया है।

खान के संभावित पत्र के बारे में जब खास तौर पर टिप्पणी करने को कहा गया तो उन्होंने कहा, मैं मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों पर टिप्पणी नहीं करने वाली. इसलिए, मैंने अभी जो कहा उसमें जोड़ने के लिए मेरे पास कुछ और नहीं है। खान ने कहा था कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पत्र लिखकर नकदी संकट से जूझ रहे इस देश को तब तक समर्थन देना बंद करने की मांग करेंगे जब तक कि वह मतदान में धांधली सहित विवादों में फंसे चुनावों का ऑडिट नहीं करा ले। जफर ने कहा कि आईएमएफ, यूरोपीय संघ और अन्य संगठनों के पास एक चार्टर था जिसमें कहा गया था कि देश में काम करने या ऋण देने के लिए सुशासन की आवश्यकता है।

### वैश्विक सूची में 10 ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन में एप्पल शीर्ष 7 स्थान पर

**नई दिल्ली ।** एप्पल ने पहली बार 2023 में 10 सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन की वैश्विक सूची में शीर्ष सात स्थानों पर अपना कब्जा कर लिया है। एक रिपोर्ट से पता चला कि भारत एक ही वर्ष में 1 करोड़ से अधिक आईफोन यूनिट बिक्री करने वाला पांचवां स्मार्टफोन बाजार बन गया है। इसमें कहा गया है कि शीर्ष 10 स्मार्टफोन की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी 2023 में अब तक के उच्चतम 20 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 2022 में 19 प्रतिशत थी। एप्पल का आईफोन14 सबसे ज्यादा बिकने वाला स्मार्टफोन है, जिसकी आधी संख्या में बिक्री अमेरिका और चीन में हुई। आईफोन15 सीरीज ने क्यू 2023 के लिए वैश्विक बेस्टसेलर सूची में शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा कर लिया, आईफोन15 प्रो मैक्स सबसे अधिक बिकने वाला स्मार्टफोन बन गया। एप्पल का आईफोन13, सूची में सबसे पुराना मॉडल, जापान और भारत में दो अंकों की सालाना वृद्धि के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है। सैमसंग की बजट ए सीरीज ने अपने मजबूत मूल्य प्रस्ताव और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों और ग्राहक श्रेणियों में मौजूदगी के कारण शीर्ष 10 सूची में तीन स्थान हासिल किए। सैमसंग गैलेक्सी ए14 5जी ने अमेरिका और भारत में उच्च बिक्री के कारण सातवां स्थान हासिल किया।रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें उम्मीद है कि 2024 के शीर्ष 10 सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन कुल स्मार्टफोन बिक्री का एक बड़ा हिस्सा प्रतिनिधित्व करेंगे, क्योंकि ओईएम कम पोर्टफोलियो पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह भी कहा गया है कि हम उम्मीद करते हैं कि चीनी ब्रांड सूची में प्रवेश करेंगे और ओईएम द्वारा तेजी से 5जी-केवल मॉडल लॉन्च करने के साथ 2024 के शीर्ष 10 संभवतः सिर्फ 5 होंगे।

# गौतम अडानी की उबर के सीईओ से हुई मुलाकात, ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में समझौते के दिये संकेत

**नई दिल्ली।**
उद्योगपति गौतम अडानी ने उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की, जिसमें उन्होंने कहा, भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा के उत्थान के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं। आपको बता दें कि उबर भारत सहित दुनिया भर में अपने बेड़े को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की प्रक्रिया में है। बीते दिनों भारत दौरे पर आए उबर के सीईओ की विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात हुई थी। उनसे मुलाकात के बाद केंद्रीय विदेश मंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था, भारत में व्यापार करने को लेकर खोसरोशाही की आशावादिता को सुनना उत्साहवर्धक है। भारत में हरित और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। इन दोनों के बढ़ने से भारत में आगामी दिनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में तेजी देखने को मिलेगी। उद्योगपति गौतम अडानी ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आगामी 10 वर्षों में 100 बिलियन डॉलर के निवेश करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। दिसंबर में उन्होंने कहा था, भारत नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेता बनने के कगार पर है और इसमें अडानी समूह क्रांति लाने के लिए तैयार है। अडानी ग्रीन एनर्जी ने दिसंबर में घोषणा की थी कि कंपनी के प्रमोटर 1,480.75 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर अधिमान्य वारंट जारी करके इसमें 9,350 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। बीते दिनों गौतम अडानी ने कहा था, अडानी परिवार का यह निवेश न केवल हमारे देश के स्वच्छ ऊर्जा के सपने को साकार करने के लिए है, बल्कि एक न्याय संगत ऊर्जा परिवर्तन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

# फोन स्क्रीन पर कॉलर का नाम दिखाने वाली सेवा शुरू होना चाहिए: ट्राई

**नई दिल्ली ।**
दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क में कॉल करने वाले का नाम फोन स्क्रीन पर दिखाने वाली सेवा शुरू करने की सिफारिश की है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी सिफारिश में कहा कि कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) अनुपूरक सेवा के तहत मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था शुरू की जाए। हालांकि यह सुविधा ग्राहक के अनुरोध पर ही सभी दूरसंचार कंपनियां मुहैया कराएंगी। इस सुविधा के शुरू होने पर अक्सर आने वाली अनचाही कॉल से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी। सीएनएपी सुविधा चालू होने पर ग्राहक अपने फोन की स्क्रीन पर कॉलर का नाम देख पाएगा। ट्राई ने कहा कि सरकार को एक तय तारीख के बाद भारत में बेचे जाने वाले सभी फोन में सीएनएपी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दूरसंचार कंपनियों को उपयुक्त निर्देश जारी करना चाहिए। मोबाइल फोन कनेक्शन लेते समय भरे जाने वाले ग्राहक आवेदन पत्र (सीएएफ) में दिए गए नाम एवं पहचान विवरण का इस्तेमाल सीएनएपी सेवा के दौरान किया जा सकता है। जहां देशी स्मार्टफोन टूल और ट्रूकॉलर एवं भारत कॉलर जैसे ऐप भी कॉल करने वाले के नाम की पहचान और स्पैम पहचान की सुविधाएं देते हैं। लेकिन ये सेवाएं लोगों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित हैं जो हमेशा विश्वसनीय नहीं होती हैं। दूरसंचार नियामक ने सुझाव दिया कि सभी एक्सेस सेवा प्रदाता अपने टेलीफोन ग्राहकों को उनके अनुरोध पर सीएनएपी सेवा मुहैया कराएं। ट्राई ने नवंबर, 2022 में इस संबंध में एक परामर्श पत्र जारी कर हितधारकों, जनता और उद्योग की टिप्पणियां मांगी थीं।

# तीसरी तिमाही में 6.4 फीसदी रह सकती है विकास दर, 29 फरवरी को आएंगे जीडीपी आंकड़े

**नई दिल्ली ।**
देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 6.4 फीसदी रहने की उम्मीद है।बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, विनिर्माण व कंस्ट्रक्शन क्षेत्र जीडीपी में सबसे ज्यादा योगदान करेंगे। सरकार 29 फरवरी को जीडीपी के आंकड़े जारी करेगी।रिपोर्ट के अनुसार, सख्त मौद्रिक नीतियों और अन्य चुनौतियों के बीच दुनिया में मंदी का खतरा बना हुआ है। इनसे वैश्विक विकास प्रभावित होने का जोखिम है। घरेलू स्तर पर लचीलेपन के कारण भारतीय जीडीपी अन्य प्रमुखअर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर स्थिति में है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 6.8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। 2024-25 में यह 6.75-6.8 फीसदी रह सकती है। हालांकि, विपरीत वैश्विक स्थितियों के कारण निर्यात प्रभावित हो सकता है।

### कृषि और उद्योग क्षेत्र में धीमी रहेगी वृद्धि

रिपोर्ट के अनुसार, कषि और उद्योग क्षेत्र में धीमी वृद्धि रहेगी। सेवा क्षेत्र में तेज वृद्धि की उम्मीद है। औद्योगिक क्षेत्र की विकास दर जहां 8 फीसदी रह सकती है, वहीं खनन और विनिर्माण की वृद्धि दर छह और 8.6 फीसदी रह सकती है। हालांकि, दूसरी तिमाही की तुलना में यह कम रह सकती है। ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बिक्री में नरमी से ग्रामीण मांग धीमी होने की आशंका है। हालांकि, जनवरी में ई-वे बिल जेनरेशन में वृद्धि से सेवाओं को कुछ मदद मिलेगी।

### सेवा क्षेत्र : 6.7 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगा आगे

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी रिपोर्ट में कहा, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में निर्माण क्षेत्र की विकास दर बेहतर रह सकती है। इस दौरान सेवा क्षेत्र 6.7 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ सकता है। दूसरी तिमाही में इसकी वृद्धि दर 5.8 फीसदी रही थी। तीसरी तिमाही के दौरान कारोबार, होटल और परिवहन क्षेत्र की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। कर्ज वितरणकी अच्छी स्थिति से वित्तीय क्षेत्र 6.5 फीसदी की दर से आगे बढ़ सकता है।

# फिर उड़ान भरते नजर आ सकती है गो फर्स्ट , दिवालिया एयरलाइन के लिए लगी 1600 करोड़ की बोली

**नई दिल्ली।**
**देश की दिवालिया हो चुकी बजट एयरलाइन गो फर्स्ट के दिन जल्दी बदल सकते हैं। इसके दिवालियापन प्रक्रिया के तहत दो वित्तीय बोलियां मिली हैं। एयरलाइन के लेंडर्स की मीटिंग में हिस्सा लेने वाले दो बैंकरों ने यह जानकारी दी।**

बैंकरों ने बताया कि बजट एयरलाइन स्पाइसजेट के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह और बिजी बी एयरवेज ने मिलकर गो फर्स्ट के लिए 16 सौ करोड़ रुपये की बिड जमा की है। इसमें 1 हजार करोड़ गो फर्स्ट के लिए अधिग्रहण के लिए हैं, जबकि 600 करोड़ रुपये उसकी सेवाओं को दोबारा शुरू करने के लिए निवेश किए जाएंगे।

हालांकि, इस बारे में बिजी बी एयरवेज के मेजोरिटी शेयरहोल्डर निशांत पिट्टी का कहना है कि एयरलाइन शुरू करने के लिए उनकी बिड गोपनीय है। सफल बिडर का ऐलान होने तक कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स उनकी बिड को गोपनीय ही रखेगी।

गो फर्स्ट के लिए एक फाइनेंशियल बिड शारजाह की स्काई वन एयरवेज से भी मिली। इस बात की जानकारी नहीं मिली कि स्काई वन ने गो फर्स्ट को रिवाइव करने के लिए कितनी बोली लगाई है। हालांकि, बैंकर ने बताया कि स्काई वन की बिड प्रतिस्पर्धी बोली से कम है। उन्होंने कहा कि बोलियों पर काम अगले महीने तक पूरा हो जाने की उम्मीद है।

गो फर्स्ट की सेवाएं पिछले साल मई से ठप हैं। एयरलाइन ने उसी समय दिवालियापन के लिए आवेदन भी किया था। एयरलाइन ने दिवालियापन फाइलिंग में बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक और ड्यूश बैंक उसके लेनदार हैं। उनका एयरलाइन का कुल 65.21 अरब रुपये बकाया है।

### क्या है गो फर्स्ट का इतिहास

गो फर्स्ट की शुरुआत गोएयर के रूप में हुई थी। इस एयरलाइन का मालिकाना हक वाडिया ग्रुप के पास है, जिसने साल 2005 में एविएशन सेक्टर में एंट्री की थी। अक्टूबर 2017 तक गो फर्स्ट काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। यह 8.4 फीसदी मार्केट शेयर के साथ देश की पांचवीं सबसे बड़ी एयरलाइन थी। लेकिन फिर इसका बुरा दौर आया। जुलाई 2022 में उसे अपने विमान ग्राउंडेड करना पड़े और पिछले साल मई में पूरा ऑपरेशन बंद करना पड़ा।

## सार्वजनिक परिवहन में यात्रा के लिएप्रीपेड कार्ड से कर सकेंगे भुगतान, आरबीआई ने दी अनुमति

**मुंबई ।** आरबीआई ने बैंकों व गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों को सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के लिए भुगतान को लेकर पीपीआई (प्रीपेड कार्ड) जारी करने की अनुमति दी। इससे लोगों के लिए सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करना आसान हो जाएगा। पीपीआई या प्रीपेड कार्ड के तहत भुगतान पहले कर दिया जाता है। इनके आने से यात्रियों के पास किराया देने के लिए नकद भुगतान के अलावा अन्य विकल्प होंगे। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा, यह साधन यात्रियों को आवागमन सेवाओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और तेज डिजिटल भुगतान की सुविधा देगा। देशभर में सार्वजनिक परिवहन प्रणालियां हर दिन बड़ी संख्या में यात्रियों को सेवाएं देती हैं। जीएसटीएन को आंकड़े साझा करने की मंजूरी सरकार ने जीएसटी नेटवर्क को पंजीकृत कारोबारों की सहमति पर उनके आंकड़े आरबीआई के 'पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म फॉर फ्रिक्शनलेस क्रेडिट' के साथ साझा करने की अनुमति दे दी है। इस कदम से कारोबारी इकाइयों को जीएसटी से संबंधित साझा जानकारी के आधार पर तेजी से कर्ज पाने में मदद मिलेगी।

# सुहास यतिराज मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन लुकास मजूर को हराकर फाइनल में

**पटाया।**

**भारत के पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास लालिनाकेरे यतिराज ने इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया, क्योंकि उन्होंने पुरुष एकल साइड लोअर 4 (एसएल4) वर्ग में पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी फ़्रांस के लुकास मजूर को सीधे गेम में हराकर फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। 21-16, 21-19 की शानदार जीत के साथ, सुहास ने अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया और खुद को चैम्पियनशिप गौरव के एक कदम और करीब पहुंचा दिया।**

उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी, कर्नाटक के हासन के रहने वाले सुहास यतिराज की शिक्षा जगत के गलियारों से पैरा-बैडमिंटन के शिखर तक की यात्रा मानवीय भावना की विजय का उदाहरण है। सुहास टोक्यो पैरालिंपिक में रजत पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार विजेता भी हैं। फाइनल में सुहास भारतीय शटलर सुकांत कदम और इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान के बीच हुए कड़े मुकाबले के विजेता का इंतजार कर रहे हैं, जो एक रोमांचक फाइनल के लिए मंच तैयार कर रहा है।

एक और रोमांचक मुकाबले में, महान प्रमोद भगत ने कोर्ट पर अपनी महारत का प्रदर्शन करते हुए हमवतन मनोज साकार को एसएल3 पुरुष एकल सेमीफाइनल में 23-21, 20-22, 21-18 से हरा दिया। पैरा-बैडमिंटन में एक प्रमुख ताकत के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करते हुए, प्रमोद ने अपना रिकॉर्ड नौवां विश्व चैंपियनशिप पदक हासिल किया। हालाँकि, यह यात्रा सभी भारतीय दावेदारों के लिए उतनी भाग्यशाली नहीं थी, क्योंकि नितेश कुमार को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड के बेथेल डैनियल के खिलाफ कड़ी हार का सामना करना पड़ा (18-21, 22-20, 14-21)। असफलता के बावजूद नितेश कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटे। महिला वर्ग में मानसी जोशी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सियाकुरोह इख्तियार के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में 12-21, 12-21 से हारने के बावजूद कांस्य पदक हासिल किया। अपने छठे विश्व चैंपियनशिप पदक के साथ, मानसी ने भारतीय पैरा-बैडमिंटन को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाना जारी रखा है। जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है, भारतीय दल युगल सेमीफाइनल में एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जिसमें प्रमोद भगत एसएल3-एसएल4 पुरुष युगल मुकाबले में सुकांत कदम के साथ साझेदारी कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जैक लीच के बाएं घुटने की सर्जरी होगी



**रांची।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच ने खुलासा किया है कि वह बाएं घुटने की सर्जरी कराएंगे, जिसमें वह भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान घायल हो गए थे और बाद में मौजूदा दौरे से बाहर हो गए थे। लीच को हैदराबाद में टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच के पहले दिन क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने में चोट लग गई, जहां वह एक चौका रोकने के लिए गोता लगाने के बाद जमीन से टकरा गए। मैच के दूसरे दिन, लीच की चोट बढ़ गई, जिसका मतलब था कि उनके घायल घुटने में सूजन आ गई और वह लंबी गेंदबाजी करने में असमर्थ हो गए, हालांकि उन्होंने पहली पारी में 26 ओवर फेंके। लेकिन लीच दूसरी पारी में 10 ओवर फेंकने में सफल रहे और श्रेयस अय्यर को आउट कर इंग्लैंड ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 28 रन की प्रसिद्ध जीत हासिल की। वह विशाखापत्तनम में अगला टेस्ट नहीं खेल पाए और उम्मीद थी कि वह राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए समय पर फिट हो जाएंगे। लेकिन अबू धाबी में इंग्लैंड के ब्रेक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि लीच शेष तीन टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के लिए कोई हिस्सा नहीं लेंगे। मैं बची हुई सूजन को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन करवाने जा रहा हूँ क्योंकि यह कम नहीं हो रही है।

### वीडियो में सामने आई गेंदबाज वसीम जूनियर की शर्मनाक हरकत, सलमान आगा के बल्ले पर पैर रखकर की रन आउट की अपील

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के विवाद को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया है, जिसमें टीम के तेज गेंदबाज वसीम जूनियर रन आउट की अपील कर रहे है। पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान इस वीडियो ने इस्लामाबाद युनाइटेड और क्वेटा ग्लेडिएटर्स के बीच खेले गए मुकाबले में खेल भावना को तार तार किया गया। कमाल की बात यह कि इसको लेकर वसीम को मैदान पर कोई शर्म भी नहीं आई थी। सोशल मीडिया पर वसीम जूनियर की इस हरकत का वीडियो देख जमकर ट्रोल किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 22 फरवरी इस्लामाबाद युनाइटेड और क्वेटा ग्लेडिएटर्स के बीच मुकाबला खेला गया था। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इस्लामाबाद युनाइटेड ने क्वेटा ग्लेडिएटर्स के सामने 9 विकेट पर 138 रन का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 ।2 ओवर में 7 विकेट गंवाकर क्वेटा ग्लेडिएटर्स की टीम ने जीत दर्ज की।

### आखिरी गेंद पर साजना ने छक्का लगाकर दिल्ली को किया नाउम्मीद

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए महिला प्रीमियर लीग में आखिरी गेंद पर साजना ने छक्का लगाकर दिल्ली की टीम को नाउम्मीद कर दिया। हालांकि पहले ही मुकाबले में मुंबई इंडियंस पर जीत यकीनी लग रही थी लेकिन आखिरी गेंद पर साजना ने छक्का लगाकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैच के बाद दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने कहा कि विकेट अच्छा था लेकिन मुंबई ने कसी हुई लेंथ से गेंदबाजी की। आम तौर पर यह विकेट गेंदबाजों के लिए अच्छा था। मुंबई ने शुरुआत में काफी अच्छी गेंदबाजी की, जो शायद अंतर था। हमने सोचा कि हम खेल में हैं। हमने इसे आखिरी गेंद तक ले जाने के लिए संघर्ष किया, दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका। लेनिंग ने कहा कि अधिकांश भाग में हमने बहुत अच्छी तरह से योजना लागू की। बाएं हाथ के खिलाड़ी के रूप में यास्तिका ने जटिल चीजों को अंजाम दिया। पहले गेम के लिए हमें एक सप्ताह का समय मिला है यह एक अच्छा प्रयास था। अंत में हम लगभग फंस गए। जब हमने कौर को आउट किया तो हम खेल में थे, लेकिन बाहर आना और पहली ही गेंद पर छक्का जड़ना काफी प्रभावशाली है। मैच के दौरान कैप्सी को आखिरी ओवर देने पर मेग ने कहा कि वह दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अच्छा रहती है। लेकिन आज ऐसा नहीं हुआ। बता दें कि मुंबई ने संजना के आखिरी गेंद पर छक्के की मदद से दिल्ली को 4 विकेट से हरा दिया।

# मुझे यहां सम्मान नहीं मिलता.., भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच ने दिया अपने पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।**

**भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने राष्ट्रीय महासंघ द्वारा सम्मान और अहमियत नहीं दिए जाने का दावा करके हंगामा करने के कुछ दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। डच कोच ने 2021 में सोर्ड मरीन की जगह ली थी, जिन्होंने टीम को टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाया था। शॉपमैन का अनुबंध इस साल पेरिस ओलंपिक के बाद अगस्त में समाप्त होना था, लेकिन उनकी हालिया आलोचनात्मक टिप्पणियों के बाद उम्मीद की जा रही थी कि वह इस पद पर जारी नहीं रहेंगी। हॉकी इंडिया (एचआई) ने बताया कि 46 वर्षीय कोच ने ओडिशा में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण में टीम का अभियान खत्म होने के बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की को अपना इस्तीफा सौंप दिया।**

हॉकी इंडिया ने इस मामले पर प्रेस रिलीज जारी कर कहा, हाल ही में ओलंपिक क्वालिफायर में निराशा के बाद उनके इस्तीफे ने हॉकी इंडिया के लिए महिला हॉकी टीम के लिए एक उपयुक्त मुख्य कोच की तलाश का मार्ग प्रशस्त कर दिया है जो 2026 में अगले महिला विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए भारतीय टीम को तैयार कर सके। हॉकी इंडिया ने कहा, यह भारतीय महिला हॉकी में एक नया अध्याय शुरू करने का समय है जिसमें खिलाड़ियों की प्रगति हमारा फोकस है। शॉपमैन ओडिशा में प्रो लीग मैच में 'मिक्स्ड जोन' बातचीत के दौरान दावा किया था कि हॉकी इंडिया पुरुष टीम कोच के मुकाबले महिला टीम कोच को कम तरजीह देता है। उन्होंने कहा था- पिछले दो वर्षों में मैंने खुद को काफी अकेला महसूस किया। मैं ऐसी संस्कृति से आई हूं जहां महिलाओं का सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है। मुझे यहां ऐसा नहीं लगता। हालांकि, हॉकी इंडिया ने इससे इनकार किया था। भारतीय टीम ने शॉपमैन के मार्गदर्शन में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस दौरान टीम ने 74 मैच में से 38 में जीत हासिल की। 17 ड्रॉ खेले और 19 में उसे हार का सामना करना पड़ा। उनके मार्गदर्शन में 2023 एशियाई चैम्पियंस ट्राफी की खिताबी जीत टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। हालांकि, भारतीय महिला हॉकी टीम का पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाना सबसे बड़ी निराशा रही।

### टर्किश कप में वापसी करने उतरेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम, हॉन्ग कॉन्ग से होगा मुकाबला

**नई दिल्ली ।** पहले मैच में एस्टोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी। भारत ने पहले मैच में एस्टोनिया को 4-3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी। इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढ़ा होगा। फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाए। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्टोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हॉन्ग कॉन्ग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

# शमी की तरह गेंदबाजी करता है बार्टमैन : स्टेन

**जोहांसबर्ग।**

**दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने एसए 20 लीग में बेहतर प्रदर्शन के लिए ओटनील बार्टमैन की प्रशंसा की है। इसके अलावा स्टेन ने कहा कि जिस प्रकार वह गेंदबाजी करता है उससे वह भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मो शमी जैसा नजर आता है। ओटनील ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओर से खेलते हुए एसए 20 लीग के दूसरे सत्र के क्वालीफायर में डरबन के सुपर जाइंट्स के खिलाफ लगातार दो विकेट लिए थे।**

स्टेन ने कहा कि 2024 टी20 विश्व कप टीम में बार्टमैन को शामिल किया जान चाहिये। उन्होंने कहा कि कैरेबियाई हालातों में वह अहम भूमिका निभा सकता है। स्टेन ने कहा कि ओटनील , कसीगो रबाडा, एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे और अन्य के साथ किसी भी टीम पर हावी हो सकते हैं। इसलिए चयनकर्ताओं को उस पर नजर रखनी चाहिए, वह दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। इसके साथ ही डेथ ओवरों और पावरप्ले में भी गेंदबाज कर सकता है। इसके अलावा स्टेन ने कहा कि जिस प्रकार वह गेंदबाजी करता है उससे वह भारतीय टीम के शमी जैसा नजर आता है। स्टेन से बार्टमैन की निरंतरता के बारे में पूछा गया तो वह हैरान रह गए और उन्होंने बार्टमैन की गेंदबाजी में सटीकता के कारण उनकी तुलना शमी से की। स्टेन ने कहा कि मैंने किसी अन्य दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज में ऐसी सीम पोजीशन कभी नहीं देखी, वह बिल्कुल शमी जैसा लगाता है। तेज गेंदबाजी का सबसे अहम हिस्सा आपकी कलाई की स्थिति है और आप गेंद की सीम को कहां गिरा रहे हैं, और जब मैं बार्टमैन को देखता हूं तो वह शमी के समान गेंदबाजी करता है। शमी सीम और कलाई के जरिये ही खेल पर नियंत्रण करता है।

# सुमित नागल को दुबई चैम्पियनशिप के लिए मुख्य ड्रा वाइल्डकार्ड

**नई दिल्ली।**

भारत के नंबर 1 खिलाड़ी सुमित नागल को 26 फरवरी से 2 मार्च तक होने वाली एटीपी 500 दुबई चैंपियनशिप के लिए मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड मिला है।

नागल शुरुआती दौर के मुकाबले में दुनिया के 49वें नंबर के लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे, जिससे दुबई के हार्ड कोर्ट पर एक रोमांचक मुकाबले का मंच तैयार होगा।

दुबई कोर्ट तक नागल की यात्रा किसी उल्लेखनीय से कम नहीं है, यह एक ऐतिहासिक सीज़न है जिससे उन्होंने शीर्ष 100 रैंकिंग में जगह बनाई है और ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन किया है।

इस महीने चेन्नई में वर्ष की अपनी पांचवीं चैलेंजर चैंपियनशिप जीतने के बाद, 26 वर्षीय नागल, जो वर्तमान में 101 वें स्थान पर हैं, ने शीर्ष 100 में अपनी शुरुआत की।

नागल ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन मुख्य ड्रॉ में 31-वरीय कज़ाख अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। उन्होंने एक स्लैम में एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया, और पैंतीस वर्षों में ऐसा करने वाले पहले भारतीय व्यक्ति के रूप में इतिहास रचा।

इससे पहले, टूर्नामेंट ने डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में भारत की महिला नंबर 1, अंकिता रैना, और युगल विशेषज्ञ अंकिता और प्रार्थना थोम्बारे को वाइल्डकार्ड दिए थे।

भारतीय खिलाड़ियों के समर्थन के टूर्नामेंट के समृद्ध इतिहास को दर्शाते हुए, पिछले मुकाबलों की यादें फिर से ताजा हो गईं, जिसमें वह अविस्मरणीय क्षण भी शामिल है जब सोमदेव देववर्मन ने 2011 में वाइल्डकार्ड प्रवेशी के रूप में महान रोजर फेडरर से मुकाबला किया था।

# आईपीएल में कप्तान के तौर पर विफल रहे विराट

नई दिल्ली ।

आईपीएल का 17 वां सत्र शुरु हो रहा है। इसमें भाग ले रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का इस बार फाफ डू प्लेसी की कप्तानी में खिताब जीतने का सपना पूरा होता है या नहीं ये देखना होगा। विराट कोहली ने भारतीय टीम की तरह ही आरसीबी की भी लंबे समय तक कप्तानी की थी पर एक बेतरीन बल्लेबाज होने के बाद भी वह टीम को एक बार भी खिताब नहीं जिता पाये। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 140 मैचों में विराट ने आरसीबी की कप्तानी की जिसमें से 64 में टीम को जीत मिली और 69 में वह हारी जबकि तीन मैच टाई रहे थे। विराट के साथ भारत की टेस्ट टीम और आरसीबी के कप्तान के तौर पर एक अजीब संयोग भी जुड़ा है। कोहली की कप्तानी में जहां भारतीय टीम ने टेस्ट में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। वहीं सबसे कम स्कोर भी बनाया। ठीक इसी प्रकार उनकी कप्तानी में आरसीबी ने आईपीएल का सर्वोच्च और सबसे कम स्कोर भी बनाया। इन दोनों ही मामलों में सर्वोच्च और न्यूनतम स्कोर की तारीख और अवधि भी एक जैसी है।

विराट की कप्तानी में 16 दिसंबर 2016 से चेन्नई में शुरू हुए टेस्ट में भारत ने पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर सात विकेट पर 759 रन बनाया था। वहीं इसके चार साल बाद विराट की कप्तानी में ही भारत ने अपना सबसे कम स्कोर बनाया था। 17 दिसंबर 2020 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में शुरू हुए टेस्ट में भारतीय टीम 36 रन पर ही आउट हो गयी थी।

वहीं आईपीएल में 2013 से 2021 सत्र तक विराट आरसीबी के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में टीम ने ठीकठाक प्रदर्शन किया पर इसके बाद भी वह खिताब नहीं जीत पायी। विराट की कप्तानी के दौरान आरसीबी ने जहां टूर्नामेंट का अब तक का सर्वोच्च स्कोर बनाया। वहीं न्यूनतम स्कोर भी उसी के नाम रहा। आईपीएल में किसी टीम का सबसे अधिक स्कोर 5 विकेट खोकर 263 रन है और ये आरसीबी ने बेंगलुरू में 23 अप्रैल 2013 को पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। वहीं इसके ठीक चार साल बाद आरसीबी ने आईपीएल का सबसे कम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड बनाया. ईडन गार्डंस पर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 23 अप्रैल 2017 को खेले गए मैच में आरसीबी टीम केवल 49 रन पर आउट हो गयी थी।

# जावी अलोंसो की टीम बायर लेवरकुसेन ने रचा इतिहास, बायर्न म्यूनिख का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**लेवरकुसेन ( जर्मनी ) ।**

जर्मनी के फुटबॉल क्लब बायर लेवरकुसेन ने इतिहास रच दिया है। उसने बुंदेसलिगा में मेन्ज के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। उसने इस सीजन में सभी क्लब टूर्नामेंट में लगातार 33 मैच में नहीं हारने का रिकॉर्ड बनाया। लेवरकुसेन के कोच स्पेन के पूर्व खिलाड़ी जावी अलोंसो हैं। उनकी कोचिंग में टीम ने बार्यन म्यूनिख का रिकॉर्ड तोड़ दिया। लेवरकुसेन की टीम बार बुंदेसलिगा जीतने के करीब भी पहुंच गई है।

लेवरकुसेन के लिए मेन्ज के खिलाफ पहला गोल इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल से आए स्विट्जरलैंड के ग्रानिट जाका ने किया। उन्होंने तीसरे मिनट में ही गोल दाग दिया। जाका के गोल के चार मिनट बाद मेन्ज ने बराबरी का गोल कर दिया। उसके लिए डोमिनिक कोर ने सातवें मिनट में स्कोर किया। हाफटाइम तक मैच 1-1 की बराबरी पर रहा। उसके बाद दूसरे हाफ में लेवरकुसेन ने बढ़त बना ली। उसके लिए रॉबर्ट एंड्रिच ने 68वें मिनट में गोल किया। इसके बाद मुकाबले में कोई गोल नहीं हुआ और लेवरकुसेन ने मैच को जीत लिया।

### तीन टूर्नामेंट में अजेय लेवरकुसेन

लेवरकुसेन ने बुंदेसलिगा के अलावा अन्य टूर्नामेंट को मिलाकर इस सीजन में कुल 33 मैच खेले हैं। इस दौरान उसने 29 मैच जीते हैं और चार ड्रॉ रहे हैं। इससे पहले बायर्न म्यूनिख की टीम 2019 से 2020 के बीच लगातार 32 मैच में नहीं हारी थी। इसमें चैंपियंस लीग में जीत भी शामिल है। लेवरकुसेन ने इस सीजन में बुंदेसलिगा के अलावा डीएफबी पोकल और यूरोपा लीग टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है।

### बुंदेसलिगा में अंक तालिका का हाल

लेवरकुसेन के बुंदेसलिगा की अंक तालिका में अब 61 अंक हो गए हैं। 23 मैचों में उसने 19 मुकाबले जीते हैं। चार मैच ड्रॉ रहे हैं। वह दूसरे स्थान पर काबिज गत विजेता बायर्न म्यूनिख से 11 अंक आगे हो गया है। बायर्न के 22 मैच में 50 अंक हैं।

## ऋषभ वापसी को लेकर सकारात्मकता से भरे है : पार्थिव

**मुंबई ।** पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी पर खुशी जताते हुए कहा कि कि उनका रुख सकारात्मक दिख रहा है। पार्थिव ने कहा कि जिस प्रकार से उनके अभ्यास का वीडियो सामने आया है उससे लगता है कि कि वह उत्साह से भरे हुए हैं। ऋषभ दिसंबर 2022 में हुए एक भीषण कार हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे पर अब वह पूरी तरह से फिट हो गये हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। वह इस सत्र में केवल एक बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे और विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनकी वापसी किस प्रकार की रहेगी। इसी को लेकर पार्थिव ने अपने विचार रखे हैं। पार्थिव ने कहा कि ऋषभ वास्तव में सकारात्मकता से भरे हुए हैं। वह कृतज्ञता के बारे में अधिक बात करता है और घटना के बाद जीवन को अलग तरह से देखता है। वह अभी अपनी कीपिंग का अभ्यास कर रहा है हालांकि मुझे लगता है कि उसे विकेटकीपिंग करने में अभी समय लगेगा। वह एक ब्लॉकबस्टर खिलाड़ी है जो मैदान पर अपनी टीम को जीत दिलाने कुछ भी कर सकता है। आप बस उसे हर समय देखना चाहते हैं, चाहे वह मुस्कुराता हुआ हो या स्टंप के पीछे से कीपिंग करते हुए चहकता हो। पटेल ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि वह इस दुर्घटना से काफी अच्छी तरह से उबर गया है। हम अभी भी उन्हें लंबे छक्के लगाते देखना चाहते हैं हालांकि यह इतना आसान नहीं है।

# महिलाएं आसानी से हो सकती हैं यूटीआई का शिकार

महिलाओं की सेहत से जुड़ी समस्याओं में यूरिनारी ट्रैक्ट इनफेक्शन (यूटीआई) सबसे आम है। हालांकि, यह पुरुषों को भी हो सकता है, लेकिन महिलाओं में इसका खतरा काफी अधिक रहता है, जिस वजह से महिलाओं को इससे बचाव करने के लिए अधिक सावधानी बरतनी होती है। यूटीआई, यूरीनरी सिस्टम के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, लेकिन यह आमतौर पर इसके नीचले हिस्से को ही प्रभावित करता है। क्लीवलैंड क्लीनिक के मुताबिक, इस यूटीआई की वजह से किडनी, ब्लैडर और यूरेथरा में इन्फेक्शन हो सकता है। यूटीआई होने का सबसे आम लक्षण है, बार-बार यूरिनेट करने की जरूरत महसूस होना, लेकिन इसके अलावा और भी कई लक्षणों की मदद से यूटीआई का पता लगाया जा सकता है। यूटीआई का अगर वक्त पर इलाज न किया जाए, तो यह किडनी में गंभीर इन्फेक्शन की वजह बन सकते हैं। इसके अलावा, एक बार यूटीआई होने के बाद, इसके दोबारा होने का खतरा काफी अधिक रहता है।

इसलिए इससे बचाव करना बेहद आवश्यक होता है। पानी की कमी की वजह से कई बार बैक्टीरिया यूरिनकी ट्रैक्ट में रह जाते हैं, जिस वजह से यूटीआई का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसलिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं, ताकि यूरिन के जरिए बैक्टीरिया बाहर निकल सकें। बहुत समय तक यूरिनेट न करने की वजह से यूरिनरी ट्रैक्ट में बैक्टीरिया पनपने शुरू हो सकते हैं। इसलिए कम से कम 7-8 गिलास पानी जरूर पीएं। कई बार शारीरिक संबंध बनाने के दौरान बैक्टीरिया आपके यूरिनरी सिस्टम में जा सकते हैं। इसलिए हमेशा शारीरिक संबंध बनाने के बाद और पहले भी यूरिनेट जरूर करें। इससे अगर बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करते भी हैं, तो वे बाहर यूरिन के जरिए बाहर निकल सकते हैं। टाइट अंडर गार्मेंट्स की वजह से बैक्टीरिया बढ़ने शुरू हो सकते हैं, जो यूटीआई की वजह बन सकते हैं। साथ ही, अंडर गार्मेंट का कपड़ा कॉटन का चुनें, ताकि पसीना आदि सूख सकें। मॉइस्चर की वजह से बैक्टीरिया आसानी से बढ़ सकते हैं। इसलिए हमेशा ढीले और कॉटन के अंडर गार्मेंट्स चुनें। क्रैनबेरी यूटीआई से बचाव करने में सबसे कारगर फूड आइटम मानी जाती है। क्रैनबेरी को साबुत या उसकी चाय या जूस पी सकते हैं। इसके अलावा, क्रैनबेरी के सप्लीमेंट्स भी आते हैं, जो यूटीआई से बचाव में मददगार हो सकते हैं। हालांकि, क्रैनबेरी सप्लीमेंट को बचाव के लिए ज्यादा कारगर माना जाता है, लेकिन आप अपने डॉक्टर से संपर्क कर, इस बारे में जानकारी ले सकते हैं। यूरिनेट करने के बाद या मल त्यागने के बाद हमेशा पानी और टीशू पेपर का इस्तेमाल करें। पानी से धोने के बाद, टीशू पेपर की मदद से आगे से पीछे की ओर वाइप करें।

# बेबी केयर और स्किन केयर प्रोडक्ट खरीदने से पहले कुछ जरूरी बातों का रखें ध्यान

नवजात शिशुओं की स्किन बहुत ही नाजुक होती है। इनकी केयर करना हमारे लिए एक हार्ड वर्क जैसा ही है, क्योंकि ये पैदा होने के बाद प्रकृति के सम्पर्क में पहली बार आते हैं और फिर गर्मी, सर्दी और बरसात के मौसमों को सहना इनके लिए थोड़ा कठिन होता है। ऐसे में सभी को इनकी बहुत ज्यादा केयर करनी पड़ती है। वैसे तो बच्चों को प्रोटेक्ट करने के लिए मार्केट में बहुत सारे प्रोडक्ट्स हैं, लेकिन उनमें से कौन-सा प्रोडक्ट आपके बच्चे के लिए सही रहेगा, इसका निर्णय आपको ही करना पड़ता है। क्योंकि आपके बच्चों की स्किन और हेल्थ को क्या सूट करेगा और क्या नहीं इसे आप ही बेहतर समझ पाएंगी। ऐसे में अगर आप भी अपने बच्चे में बेबी केयर प्रोडक्ट्स लेने जा रही हैं, तो इन बातों का ध्यान रखें। बच्चों की स्किन बहुत ही नाजुक होती है। इतना ही नहीं धूप हो या सर्द हवाएं हों उनके स्किन को तुरंत प्रभावित करती हैं। इसलिए उनके लिए हमेशा ऑर्गेनिक स्किन प्रोडक्ट का ही चयन करें। जो उनके स्किन की देखभाल अच्छे से करें। ध्यान रखें कि स्किन केयर प्रोडक्ट बहुत ज्यादा सुगंध वाली नहीं होनी चाहिए, क्योंकि सुगंध आपके बच्चे की स्किन को नुकसान पहुंचा सकती है। बेहतर होगा कि आप अपने शिशु के लिए सोप, शैम्पू, लोशन, सनस्क्रीन, डाइपर, यहां तक की वाइप्स भी ऑर्गेनिक ही खरीदें। बच्चे के लिए कोई प्रोडक्ट खरीदते समय कैमिकल युक्त प्रोडक्ट से बचें। उनके लिए स्किन केयर प्रोडक्ट खरीदते समय ये जरूर ध्यान रखें कि आपके प्रोडक्ट में सल्फेट और पैराबेंस न हो। बच्चों को कौन सा प्रोडक्ट सूट कर रहा है, इसके लिए पैच टेस्ट जरूर करें। इसके लिए प्रोडक्ट उनकी स्किन के छोटे से हिस्से पर लगाकर देखें कि उन्हें किसी तरह की एलर्जी तो नहीं हो रही है, तभी प्रोडक्ट इस्तेमाल कीजिए। मौसम के हिसाब से अपने बच्चों के लिए स्किन केयर प्रोडक्ट चुनें। जैसे सर्दियों के लिए अलग और गर्मियों के लिए अलग मोइश्राइजिंग क्रीम का चुनाव करें। बच्चों की उम्र के हिसाब से स्किन केयर प्रोडक्ट्स का चुनाव करें। जैसे 6 महीने तक के बच्चों के लिए अलग स्किन केयर प्रोडक्ट की जरूरत होती है और उनसे बड़े बच्चों के लिए अलग।

# आर्टिकल 370 ने तोड़ा द कश्मीर फाइल्स का रिकॉर्ड




एक्ट्रेस यामी गौतम धर की फिल्म *आर्टिकल 370* हाल ही में रिलीज हुई है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म चर्चा में है और दर्शकों को फिल्म काफी पसंद आ रही है। दर्शक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस फिल्म की सराहना की। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अन्य फिल्मों की तुलना में पहले दिन की बुकिंग काफी अच्छी है। सैक्निल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 5.75 करोड़ का बिजनेस किया है। आदित्य सुहास जंबले के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 42.8 फीसदी बुकिंग मिली है। फिल्म आर्टिकल 370 ने विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने रिलीज के पहले दिन 3.55 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म में यामी गौतम, प्रियामणि, अरुण गोविल मुख्य भूमिकाओं में हैं और यामी एक एनआईए अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जिन्हें अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर में शांति लाने और आतंकवादी अभियान को विफल करने का काम सौंपा गया है। फिल्म में आर्टिकल 370 को हटाने के लिए संघर्ष, कश्मीर का इतिहास और आतंकवाद की पृष्ठभूमि, राजनीतिक हस्तक्षेप सभी पर टिप्पणी की गई है। फिल्म में यामी गौतम के साथ प्रियामणि, राज जुत्शी, सुमित कौल, राज अर्जुन, असित गोपीनाथ रेडिज, किरण करमरकर, अश्वनी कुमार और इरावती हर्षे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यामी के पति और *उरी द सर्जिकल स्ट्राइक* जैसी फिल्मों के डायरेक्टर आदित्य धर ने लोकेश धर के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

# सुहाना खान ने अलीबाग में खरीदी प्रॉपर्टी

एक्ट्रेस सुहाना खान अपने पिता शाहरुख खान के नक्शे कदम पर चलते हुए एक्टिंग में करियर बनाने का फैसला किया। सुहाना ने 2023 में जोया अख्तर की फिल्म *द आर्चीज* से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सुहाना की पहली फिल्म दर्शकों को खास पसंद नहीं आई थी, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्होंने महज 23 साल की उम्र में अलीबाग (महाराष्ट्र) में एक प्लॉट खरीदा है। सुहाना ने अलीबाग के एक गांव में प्लॉट खरीदा है, जो मुंबई से कुछ ही किलोमीटर दूर है। यह प्लॉट करीब 78,361 वर्ग फीट का है। इसकी कीमत करीब 9.5 करोड़ रुपए है और फिलहाल सुहाना ने 57 लाख रुपए की स्टांप ड्यूटी चुकाई है। ये पहली बार नहीं है जब सुहाना ने प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट किया हो। रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2023 में सुहाना ने 1.5 एकड़ कृषि भूमि खरीदी थी। सुहाना ने रायगढ़ के अलीबाग में यह कृषि भूमि करीब 12.91 करोड़ में खरीदी है। कुछ ही महीनों के बाद अब उन्होंने प्लॉट खरीद लिया है। सुहाना से पहले शाहरुख ने भी अलीबाग में एक विला खरीदा था। उनका विला समुद्र के पास है और इसमें हेलीपैड, स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं हैं। उनका विला 20 हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में फैला हुआ है। अलीबाग में पहले भी कई सेलिब्रिटीज प्रॉपर्टी खरीद चुके हैं।

GOVERNMENT OF ASSAM
COMMISSIONERATE OF TAXES, ASSAM

Let us all pay our
PROFESSIONAL TAX
and contribute in nation building

PAY YOUR PROFESSIONAL TAX
Dues within
31st March, 2024

WHO NEED TO PAY?

All Professionals like

- Legal practitioner
- Medical practitioner
- Chartered Accountant
- Architect
- Engineer
- University, School & College
- Coaching Centre
- Transport/Travel agent, Tour operator
- Insurance Agent
- Director of Companies
- Banks and Insurance Companies
- Wine Shop
- Pharmacy
- Beauty Parlour
- Dry cleaner
- Hospital/Nursing Home
- Pathological testing laboratory
- Owners of Commercial Vehicles
- Cable TV/DTH Operator
- All dealers having turnover exceeding Rs. 4 Lakhs. All GST Tax payers of Assam (administered by State or Centre).
- All taxpayers under Taxation Acts like VAT, CST, Electricity Duty, Specified Lands Tax, Agriculture Income Tax.
- All Government Departments (Central/State), Public Sector Undertaking etc.
- All Central Armed Police Force and Defence civilian.

Any Government authority while granting a license or permit or renewal thereof is required to ensure payment of professional tax u/s 3A of the APTCE Act ' 1947

For making online payment of Professional Tax, please visit
https://commercialtax.assam.gov.in

Available modes of payment

- Internet Banking facility of SBI, AXIS Bank, ICICI, HDFC and Payment gateways like Axis EasyPay, SBIePay.
- NEFT, Debit and Credit Card facility through SBIePay.
- BHIM UPI enabled apps (Google Pay, Paytm etc.) through SBIePay.
- Cheque/DD, Cash using Payment Across Bank Counter facility at SBI branches

-- Janasanyog /D/18361/ 23/25-Feb-24

Non-payment of Professional Tax within due date entails levy of penalty and interest as per provisions of the Assam Professions, Trades, Callings & Employments Taxation Act, 1947

Published by Directorate of Information & Public Relations, Assam  Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

# चिपकू बाल कर देते हैं आपकी पर्सनैलिटी को खराब, तो इन टिप्स से बनाएं इन्हें घना और बाउंसी

घने और बाउंसी हेयर भला किसकी चाहत नहीं होते हैं। बाल जब पतले होते हैं, तो इन्हें स्टाइल करना एक बड़ी मशक्कत बन जाती है। ऐसे में हल्की सी हवा से ही आपका लुक बिगड़ जाता है और पर्सनैलिटी फीकी पड़ जाती है। अगर आप भी बालों को मनचाहे तरीके से स्टाइल नहीं कर पा रहे हैं, तो यहां बताए कुछ टिप्स अपना सकते हैं। बालों का वॉल्यूम बढ़ाने के लिए केमिकल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल एक बड़ी भूल होती है। इससे न सिर्फ आपको हेयर फॉल का सामना करना पड़ता है, बल्कि बाल अपनी चमक भी खो देते हैं। ऐसे में सबसे पहले इनसे दूरी बना लेना ही फायदे का सौदा है। बालों के लिए तेल मालिश आपको भले ही खराब लगती हो, लेकिन बता दें कि ये न सिर्फ आपके स्कैल्प पर बल्ड सर्कुलेशन बढ़ाकर हेयर ग्रोथ को प्रमोट करती है, बल्कि बालों का वॉल्यूम बढ़ाने में भी मदद करती है। अक्सर लोग हेयर वॉश के बाद कंडीशनर इस्तेमाल नहीं करते हैं। बता दें, शैम्पू से बाल धोने के बाद ये ड्राई हो जाते हैं और स्कैल्प अपने नेचुरल ऑयल भी खो देता है। ऐसे में एक अच्छा कंडीशनर यूज करना काफी जरूरी होता है। इससे बालों में शाइन और वॉल्यूम दोनों एड होते हैं। बालों को ज्यादा धोने से भी हेयर वॉल्यूम चला जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि एक दिन छोड़कर ही इन्हें वॉश करें। साथ ही, हेयर वॉश से पहले ऑयलिंग का भी ख्याल रखें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**